www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 329 । भोपाल, बुधवार 29 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

अनाज की दुकान में रखा था अवैध केरोसिन, आग लगने से मचा हड़कंप पृष्ठ 3
- जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता पर लौटता राजनीतिक विमर्श
- गाजा संघर्ष ने बढ़ाया धार्मिक नेताओं के बीच मतभेद पृष्ठ 4
- मावठा गिरने से किसानों को राहत, फसल उत्पादन बढ़ने की जगी आस पृष्ठ 6
जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पृष्ठ 8

## सिलक्यारा टनल हादसा

# 17 दिन के जीवन संघर्ष के बाद सुरंग से बाहर आए 41 मजदूर






**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित सिल्कयारा की निर्माणाधीन सुरंग में 17 दिनों से फंसे सभी मजदूरों को जीवन संघर्ष के बाद सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। सुरंग से निकाले मजदूरों को एम्बुलेंस के जरिए चिन्यालीसौड़ के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। फिलहाल सभी मजदूरों को स्वास्थ्य बताया गया है।

एक मोटी पाइप के जरिए पहले एक मजदूर को बाहर निकाला गया, इसके बाद एक-एक कर सभी को बाहर निकाल लिया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बचाव अभियान वाले स्थान पर मौजूद रहे और उन्होंने बाहर निकले श्रमिकों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। टनल से बाहर आए पहले मजदूर ने पूरी बचाव दल को शुक्रिया कहा है। सुरंग से श्रमिकों के बाहर आते ही उनके लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया गया है। सरकार सुरंग में फंसे मजदूरों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को सरकार एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। वहीं उनके अस्पताल में इलाज और घर जाने तक की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने अभियान में जुटे बचाव दल को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जरुरी होने पर श्रमिकों को हर चिकित्सा सुविधा देने के आदेश दिए हैं।

### डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया

वहीं केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा, कि अभियान में जिस भी हमें जरूरत पड़ी वह प्रधानमंत्री ने मुहैया करवाई... जितने साधन जुटाए गए हैं, इतने साधन किसी और ऑपरेशन के लिए नहीं जुटाए गए होंगे। इस बचाव अभियान में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, आरवीएनएल, एसजेवीएनएल, ओएनजीसी, आईटीबीपी, एनएचएआईडीसीएल, टीएचडीसी, उत्तराखंड राज्य शासन, जिला प्रशासन, भारतीय थल सेना, वायुसेना समेत तमाम संगठनों, अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से बातचीत कर जाना मजदूरों का हाल, दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने पर मुख्यमंत्री धामी को फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से जाना कि श्रमिकों के स्वास्थ्य देखभाल, घर छोड़ने व परिजनों आदि के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। जिस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी श्रमिकों को सुरंग से निकलने के बाद सीधे चिन्यालीसौड़ स्थित अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी जरूरी स्वास्थ्य जांच आदि की जाएगी। साथ ही अवगत कराया कि श्रमिकों के परिजनों को भी फिलहाल चिन्यालीसौड़ ले जाया गया जहां से उनकी सुविधा के अनुसार राज्य सरकार उनको घर छोड़ने की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने कहा : जाबाजों के परिश्रम से बची श्रमिकों की जान

**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरकाशी स्थित लिक्यारा टनल में चल रहे आपरेशन को सफलता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस सफलता को बाबा केदारनाथ की कृपा और राहत व बचाव कार्य में लगे हमारे जाबाजों के अथक परिश्रम का परिणाम बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की दृढ़ इच्छाशक्ति का भी यह परिणाम है, आपने सिद्ध किया कि असंभव कुछ भी नहीं है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दी राहत टीम को बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उत्तरकाशी टनल से श्रमवीरों को सकुशल निकालने के लिए राहत कार्य में लगी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बाहर निकालने में टीम ने कड़ा परिश्रम किया है। श्री शर्मा ने श्रमिकों के परिवारों को भी शुभकामनाएं दी हैं।

## सार-समाचार

### रोजगार मेले में 51 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्ती केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में की गई हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्त किए गए हैं।

### शिवराज बोले- कोई कांटे की टक्कर नहीं, लाड़ली बहनों ने निकाले सभी कांटे



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसा कुछ नहीं है, लाड़ली बहनों ने सभी कांटे निकाल दिए हैं और भारतीय जनता पार्टी पांचवीं बार सरकार बनाने जा रही है।

श्री चौहान का ये वीडियो उनके विधानसभा क्षेत्र सीहोर जिले के बुधनी का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि श्री चौहान चुनाव के बाद कल अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी गए थे, इसी दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच ये बात कही। वीडियो में श्री चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तीन तारीख कोआप देखेंगे कि फिर से पांचवीं बार भाजपा सरकार बनेगी। कोई संदेह नहीं है। ये जो बातें कही जा रहीं हैं कि कांटे की टक्कर है, कोई कांटे की टक्कर नहीं है। कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की है और लाड़ली बहनाओं ने सभी कांटे निकाल दिए हैं। श्री चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि जनता का बेहद प्यार और आशीर्वाद अपने काम को मिला है।

### राजनाथ ने अत्याधुनिक युद्धपोत का अनावरण किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। इम्फाल की शिखा के डिजाइन में बाईं ओर मणिपुर की ऐतिहासिक धरोहर 'कांगला महल' और दाईं ओर राज्य के पौराणिक प्राणी 'कांगला सा' को दर्शाया गया है। इससे मणिपुर के लोगों द्वारा देश की स्वतंत्रता , संप्रभुता और सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदान को महत्व दिया गया है। 'कांगला महल' मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। 'कांगला-सा' मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है।

### संजय सिंह को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आप नेता को मंगलवार को भी जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने कोर्ट में 24 नवंबर को जमानत याचिका लगाई थी।

कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 6 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने ईडी को उसी दिन जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। आप सांसद बीते 56 दिन से हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। संजय सिंह 4 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। 24 नवंबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ाई गई थी।

# इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस फिर सक्रिय

- 3 दिसम्बर से पहले सहयोगियों से करेगी बात
- शीतकालीन सत्र के लिए भी तय करेगी रणनीति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति कों लेकर इंडिया गठबंधन के दलों को फिर से साधने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि तीन दिसम्बर से पहले वह सहयोगी दलों से बातचीत करेगी। हालांकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उसका सहयोगी दलों के साथ जो रवैया रहा, वह आगे की राह में मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

मालूम हो कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का गठन बड़ी गर्मजोशी के साथ हुआ था। लेकिन विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह नेपथ्य में चला गया। सीटों का बंटवारा न होने से कांग्रेस के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों सपा, आम आदमी पार्टी,जद यू ने अपने उम्मीदवार भी उतारे और भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी जमकर हमला किया। लेकिन अब सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को तेलंगाना का चुनाव प्रचार खत्म होते ही कांग्रेसी रणनीतिकार इंडिया गठबंधन की रणनीति को लेकर चर्चा करने लगे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि तीन दिसम्बर से पहले कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों सें बातचीत कर अगली बैठक की जगह और तारीख तय करने की कोशिश करेगी। माना जा रहा है कि इसके जरिए कांगेस सहयोगी दलों के साथ संबंधों में जो कडवाहट आई है, न केवल उसे दूर करने की कोशिश करेगी बल्कि चार दिसम्बर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के लिए संयुक्त रणनीति भी तय करेगी।

# तेलंगाना में प्रचार खत्म, कल होगा मतदान

- आखिरी दिन सभी प्रमुख दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत
- शाम तक जारी रही रैलियां, पदयात्राएं व नुक्कड़ सभाएं
- 119 सीटों के लिए कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), कांग्रेस और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अंतिम दिन राज्य भर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। मोटरसाइकिल रैलियां, पदयात्राएं, नुक्कड़ सभाएं, पब्लिक मीटिंग और घर-घर जाकर प्रचार करना शाम तक जारी रहा। उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए आखिरी कोशिश की। बीआरएस ने 2018 के चुनावों में 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें हासिल की थीं। अब यह यहां लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि कांग्रेस और भाजपा दोनों सत्ता हासिल करने की कोशिश में हैं।

गुरुवार को होने वाले मतदान में 3.26 करोड़ से कुछ अधिक मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। 119 सीटों के लिए कुल 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि शाम पांच बजे प्रचार समाप्त हो गया। प्रचार के दौरान तीन प्रमुख राजनीतिक दलों और हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं के बीच एक दूसरे पर खूब हल्ला बोला। बीआरएस ने पिछले दो कार्यकालों के दौरान अपने प्रदर्शन के आधार पर नए जनादेश की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक में अपनी हालिया सफलता को दोहराने की उम्मीद में छह गारंटियों के साथ मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की। भाजपा ने विकास की गति को तेज करने के लिए डबल इंजन सरकार के लिए एक मौका मांगा और उसने पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया।

## राहुल, प्रियंका ने किया रोड शो



कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्य कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी ने पार्टी उम्मीदवार मयनामपल्ली हनुमंत राव के समर्थन में हैदराबाद के मल्काजगिरी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

### केसीआर ने कामारेड्डी में की रैली

बीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गजवेल निर्वाचन क्षेत्र में आखिरी चुनावी रैली की, जहां से वो फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। वो कामारेड्डी से भी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके बेटे और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

## पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

# सर्वोच्च अदालत ने कहा- छोटी सोच न रखें

### उरी हमले के बाद 7 साल का बैन लगा था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में प्रस्तुति देने से रोकने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा- इतनी छोटी सोच न रखें। साल 2016 में हुए उरी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तानी कलाकारों पर 7 साल का बैन लगा दिया था। यह सीमा अब साल 2023 में खत्म हो गई है।

सिने एक्टिविस्ट फैज अनवर कुरैशी ने इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। वहां से याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका पर सुप्रीम कोट के जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि हम बॉम्बे हाईकोर्ट के



आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं है। आपको भी इस अपील पर दबाव नहीं डालना चाहिए। याचिकाकर्ता के खिलाफ हाईकोर्ट की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। बेंच ने कहा कि यह आपके लिए एक अच्छा सबक है।

### 12 सौ करोड़ का जुर्माना लगाने के एनजीटी के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अनुचित सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए महाराष्ट्र राज्य को 1,200 करोड़ का मुआवजा देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर अपील पर नोटिस जारी किया और इस बीच एनजीटी द्वारा जारी किए गए आदेश के लागू होने पर रोक लगा दी।

## रैपिड रेल के लिए पूरा भुगतान न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर के निर्माण के लिए अपने हिस्से का फंड देने के लिए उसके आदेश के आंशिक अनुपालन पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति एस.के. कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, आपको वह पैसा देने होगा, जिसका भुगतान आप को करना है। बजटीय प्रावधान क्यों नहीं करते? आप विज्ञापनों के लिए 580 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान कर सकते हैं, लेकिन आप 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान नहीं कर सकते। कौल ने दिल्ली सरकार के वकील से यह बात तब कही जब उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की सरकार रैपिड रेल परियोजना के लिए बजटीय आवंटन कर रही है। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया भी शामिल थे, ने कहा कि उसने सरकार को वे क्या कर रहे हैं का एहसास कराने के लिए विज्ञापन उद्देश्यों के लिए आवंटित धन को आरआरटीएस परियोजना में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार चाहती है कि सारा पैसा केवल पर्यावरण निधि से निकाला जाए और बजटीय प्रावधान नहीं करना चाहती। शीर्ष अदालत के समक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने कहा, हम आपके आदेश के अनुपालन को लेकर चिंतित हैं। शीर्ष अदालत ने पूछा, क्या आपने भुगतान किया है या आपने भुगतान नहीं किया है? क्या आपने फंड ट्रांसफर किया है या नहीं।

## उच्च न्यायालय का निर्देश

### सफाई कर्मी की विधवा को 30 लाख का मुआवज़ा दिया जाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर सरकार को एक सफाई कर्मचारी की विधवा को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है जिसकी सीवर की सफाई के दौरान मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने महिला की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश के अनुसार उसे अधिक मुआवजा दिया जाए।

शीर्ष अदालत ने सीवर की सफाई करने के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रितों को दिए जाने वाले 10 लाख रुपये के मुआवज़े को बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला वर्तमान मामले पर भी लागू होगा और राज्य सरकार से कहा कि वह दो महीने में महिला को बढ़ा हुआ मुआवज़ा दे। इसी के साथ अदालत ने महिला की याचिका का निपटान कर दिया। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया था कि उसे 10 लाख रुपये का मुआवज़ा मिल गया है, लेकिन शीर्ष अदालत के फैसले के मद्देनज़र मुआवज़े को बढ़ाकर 30 लाख रुपये किया जाए।

## सार समाचार

### पुरानी रंजिश पर युवक के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम परवाह निवासी एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश पर गांव के एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई दादी के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मिथुन पुत्र प्रकाश अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह अपने घर आ रहा था। इसी दौरान ग्राम में रहने वाले रूप सिंह अहिरवार, जिससे की उनका पुराना विवाद चल रहा है, उसने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें उसे खून निकल आया। बीच बचाव करने आई दादी शांतिबाई के साथ भी रूप सिंह ने मारपीट की।मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी धारा 294, 323, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### धोखाधड़ी मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के एक मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 3838/16 धारा 420, 406 भादवि में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सोनू श्रीवास्तव निवासी बूढ़े बालाजी गुना के संबंध में को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है ।

### कोतवाली पुलिस ने महावीरपुरा पुल के नीचे से पकड़ा जुआ

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा महावीरपुरा पुल के नीचे जुआ खेल रहे आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महावीरपुरा पुल के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे राजेन्द्र प्रसाद पुत्र कमरलाल झा निवासी महावीरपुरा, राधेश्याम पुत्र तोफान सिंह ओझा निवासी बूढे बालाजी गुना, गोपाल पुत्र मोतीलाल जाटव निवासी महावीरपुरा, विनोद पुत्र लालाराम जाटव निवासी महावीरपुरा को रंगे हाथों दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 420 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र सिंह सेंगर एवं सैनिक नितिन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### घर के बाहर बाउण्ड्री से मोटर साईकिल चोरी कर ले गए चोर

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत नजूल कॉलोनी में घर के अंदर बाउण्ड्री में खड़ी मोटर सायकिल को गत दिवस अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजबीर सिंह पुत्र भगवानसिंह जाट निवासी रघुनाथ मंदिर के पास नजूल कालोनी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मोटर सायकल एमपी 33-2204 घर के बाहर बाउन्ड्री में खड़ी थी। गत रात कोई अज्ञात चोरी करके ले गया। इस दौरान फरियादी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त होने से एवं आसपास तलाश करते रहने के कारण शिकायत दर्ज नहीं करा सका। जिसकी शिकायत पर गत रात्रि में कोतवाली में अज्ञात चोर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के साथ अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास पुलिस द्वारा 48 क्वार्टर घुँघरू देशी मदिरा के साथ एक अंतर्राज्जीय शराब तस्कर को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति मोटर सायकिल क्रमांक आरजे 17 सीएस 5332 से शराब की पेटी के साथ राजस्थान तरफ से लेकर मध्यप्रदेश तरफ बेचने आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने बसेड़ बालाजी मंदिर ग्राम फतेहपुर पहुंची। यहां देर में एक मोटर साइकिल राजस्थान तरफ से आते दिखी। उक्त मोटरसाईकिल को रोका गया तो मोटरसाईकिल चालक व पीछे एक कागज का कार्टून पकड़े बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बडाने लगा और मोटरसाईकिल चालक ने मोटरसाईकिल को भगाने का प्रयास किया। दोनों को पुलिस द्वारा घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम गिरिराज उर्फ राजाराम पुत्र श्रीलाल लववंशी निवासी ग्राम ठीकरिया थाना मनोहरथाना जिला झालाबाड़ एवं दूसरे ने जुगराज पुत्र मन्नालाल मीणा निवासी ग्राम ठीकरिया थाना मनोहरथाना जिला झालाबाड़ राजस्थान का होना बताया। जिनके पास से पुलिस ने कार्टून में 48 क्वार्टर घुँघरू देशी मदिरा कुल करीबन 8.64 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया।

### सेवा सहकारी समिति ढोलबाज पंजीयन केन्द्र स्थल किया निर्धारित

**गुना, देशबन्धु।** प्रमुख सचिव म.प्र.शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर तरूण राठी द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन का कार्य 1 दिसम्बर 23 से 19 जनवरी 24 नियत की गई है । गुना जिले अंतर्गत किसानों द्वारा 05 पंजीयन किये गये उक्त पंजीयन के अनुक्रम में जिला उपार्जन समिति के अनुशंसा से खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु विकासखण्ड गुना की संस्था सेवा सहकारी समिति ढोलबाज पंजीयन केन्द्र स्थल गोदाम उपार्जन केन्द्र निर्धारित किया गया हैं ।

शहर में बदमाशों का आतंक

# वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं से आधी रात को जमकर मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र में संचालित होने वाले वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना दो दिन पहले रात की बताई जा रही है। आश्रम में घुसे बदमाशों ने वहां मौजूद बुजुर्ग महिलाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। तीन से चार महिलाओं के साथ मारपीट की गई है। कुछ महिलाओं ने भागकर तो कुछ ने यहां-वहां छुपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद वृद्धाश्रम की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वृद्धाश्रम में रह रही बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि यहां सुरक्षा के लिए कोई चौकीदार भी तैनात नहीं है।

वृद्धाश्रम में रहने वाली एक अम्मा ने बताया कि घटना देर रात की है। कुछ लोग आश्रम में घुस गए और मारपीट करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि कलावाई, तेजा बाई, गूंगी बाई और संपत बाई के साथ मारपीट हुई। घटना के बाद संपत बाई और गूंगी बाई को कैंट थाने के पीछे बने नए बने वृद्धाश्रम में छोड़ा गया है। दोनों के चेहरे पर चोट और सूजन आई है। मारपीट करने के बाद यहां से बदमाश भाग खड़े हुए। घटना के बाद यहां रह रही वृद्धाओं में भय व्याप्त है। वहीं इस घटना के पीछे बदमाशों का उद्देश्य यहां चोरी करना है या फिर इन वृद्धाओं को डरा धमकाकर यहां से भगाना मुख्य कारण इस आशय की जांच भी आवश्यक है। बताया जा रहा है कि कैंट क्षेत्र के वृद्धाश्रम में ये बुजुर्ग महिलाएं रह रही थी। लेकिन कुछ दिन पहले ही ये वापस नानाखेड़ी वाले पुराने वृद्धाश्रम में लौट आई हैं। जहां ये घटना घटित हो गई।

## शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही बस नदी में उतरी, 4 लोग घायल



**गुना, देशबन्धु।** मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत शादी समारोह में शामिल होकर भोपाल लौट रहा परिवार टेम नदी पर हादसे का शिकार हो गया। दरअसल टेम नदी मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर नदी में उतर गई, घटना में बस में बैठे चार बच्चे सहित एक महिला घायल हो गई। सभी घायलों को मधुसूदनगढ़ के सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं एक बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए, उसे भोपाल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल का एक परिवार निजी बस से मधुसूदनगढ़ में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। बताया जाता है कि शादी समारोह के बाद रात को सभी लोग बस द्वारा भोपाल के लिए निकले थे। लेकिन मधुसूदनगढ़ से करीब 20 किमी दूर टेम नदी पर बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर नदी में उतर गई। इस घटना में चार बच्चे और एक महिला के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे टोनी शाह ने बताया कि उन्होंने तुरंत इस आशय की जानकारी स्थानीय प्रशासन के साथ कलेक्टर-एसपी को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे शासकीय वाहन व एंबूलेंसो से सभी घायलों का मधुसूदनगढ़ लाया गया। जहां सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार चल रहा है। एक बच्चे को भोपाल रेफर किया गया है।

## कलेक्टर ने मतगणना कक्षों व ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन से संबंधित लेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण राठी द्वारा पीजी कॉलेज स्थित सभी विधानसभाओं के ईव्हीएम स्ट्रांग रूम और लाइब्रेरी के सामने मीडिया सेंटर स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की पूर्व तैयारियों को लेकर अलग विधानसभा बमोरी, गुना, चांचौड़ा एवं राघौगढ़ के लिए निर्धारित किए गए मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी गुना दिनेश सावले, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जीएस बेरवा, प्राचार्य पीजी महाविद्यालय बीके तिवारी, प्रभारी जिला जनसम्पर्क अधिकारी बीएस मीना विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## लायंस क्लब गुना सेंचुरियन ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



गुना, देशबन्धु। लाइंस क्लब गुना सेंचुरियन द्वारा गोपी कृष्ण सागर स्थित परिसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इस अवस पर क्लब द्वारा हाउजी गेम, कपल्स गेम, शानदार आतिशबाजी का आयोजन किया।

महिला शक्ति द्वारा फुलझड़ियां जलाई गई। इस दौरान कपल्स गेम के प्रथम हो विजेताओ को पुरस्कृत किया गया गयाउ क्लब के सदस्यों द्वारा दीपावली मिलन उत्सव पर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में क्रिकेट का मैत्री मैच आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मध्य में क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया। सचिव द्वारा सभी को इसने भोज पर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में आलोक जैन, धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, देवेंद्र सोलंकी, प्रदीप गर्ग, दीपक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संजय गर्ग, अनिल ढींगरा, अतुल गर्ग, पंकज अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, कपिल भार्गव, सुनील किरार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर शिवराज सिंह रघुवंशी रहे।

## युवक के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास थानांतर्गत ग्राम रामपुरा में एक युवक के साथ पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुकेश पुत्र रामलाल भील निवासी ग्राम रामपुरा ने अपने मामा के लडके श्रीलाल भील के थाना में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपने घर पर जा रहा था। जैसे ही जगन्नाथ के घर के पास पहुँचा तो जगन्नाथ और उसका लडका दीवान खड़े हुये थे।

उन दोनों ने गाली गलौंच कर कहा कि हमारी राजेश से लड़ाई चल रही है तू उसके साथ क्यों रहता है। जिस पर फरियाद ने कहा कि मैं किसी के साथ नहीं रहता। इस बात पर आरोपियों ने युवक के साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने फयियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर मृगवास थानांतर्गत ही ग्राम उमरिया में उधारी के लेनदेन में दो युवकों केसाथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुकेश पुत्र भगवान सिंह भील ने अपने हमराह घायल ताऊ का लडका माखन भील के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस दोपहर को वह दोनों अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी उनके गांव का प्रकाश पुत्र मानसिंह भील वहां से निकला, तो प्रकाश से बोला कि तूने दो तीन साल पहले मुझसे चार हजार रूपये उधार लिए थे, वह वापस कर दे। इसी बात पर प्रकाश ने गाली गलौंच कर पत्थर से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।



## महिला समिति ने प्रसूतिगृह पहुंचकर किया फलों का वितरण

**गुना, देशबन्धु।** प्रथम बागेश्वर धाम महिला समिति ने जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में पहुंचकर जच्चा बच्चा का हाल जाना एवं उनका पोषण हर के तौर पर फल वितरण किया। उल्लेखनीय है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरज शास्त्री के अनुयाई जगह-जगह सनातन एवं सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे ही सामाजिक कार्य कर रही प्रथम बागेश्वर धाम महिला समिति की महिलाओं ने मंगलवार को प्रसूति गृह में पहुंचकर उनके स्वास्थ्य को लेकर स्टाफ से चर्चा की एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और महिला को पोषण हर सहित फल वितरण किया। समिति की महिलाओं ने करीबन महिलाओं के बीच एक घंटा बिताया और वार्ड में पहुंचकर महिलाओं से स्वास्थ्य संबंधी चर्चा कर उन्हें फल वितरण किया और नन्हे-नन्हे बच्चों को दुलार किया ।

## वृंदावन के बाद खेजरा में बना दूसरा वृंदावन, पूर्णिमा पर हुआ विशाल अन्नकूट

**गुना, देशबन्धु।** ग्राम खेजरा में स्थित रमण रेती वृंदावन धाम बनाया गया है। कहते हैं कि यदि वृंदावन के बाद कोई दूसरा मिनी वृंदावन है तो वह गुना जिले के ग्राम खेजरा में स्थापित है। जहां वृंदावन के प्रेम मंदिर की तर्ज पर कृष्ण लीला की सुंदर मूर्तियों को स्थापित किया गया है। जहां ऐसा प्रतीत होता है मानो वृंदावन में आ गए हैं। कृष्ण लीला की आकर्षक मनमोहक भगवान की सुन्दर छवि देखते ही बनती है। जहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। जहां वृंदावन से रमन रेती लाई गई थी, उस मिट्टी से यहां मूर्तियों का निर्माण किया गया।

आश्चर्य कि बात है कि रमन रेती में श्री कृष्ण की सुंदर मूर्ति प्राप्त हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि गुना जिले की ग्राम खेजरा की माटी से श्री कृष्ण का कोई पुराना रिश्ता रहा होगा, जिसके कारण स्वरूप यहां मिनी वृंदावन धाम नाम विख्यात हुआ। इस पावन भूमि पर पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोग प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। बता दें कि आने वाले समय में यह गुना जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश का एक महत्वपूर्ण स्थान में से एक होगा जोकि मिनी वृंदावन धाम के नाम से दुनिया में विख्यात होगा।

## 10 लाख के डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा पुलिस ने डोडा चूरा की तस्करी करते हुए आरोपी को दबोचा है। वह राजस्थान से डोडा चूरा लाया था और शिवपुरी जिले में डिलीवरी करने के लिए जा रहा था। आरोपी के कब्जे से लगभग 63 किलो डोडा चूरा जप्त किया है। साथ ही तस्करी में उपयोग की जा रही कार को भी जप्त कर लिया है। उससे 10 लाख रुपये के माल की जप्ती हुई है। आरोपी के बयान पर राजस्थान के एक और व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रुठियाई पुलिस सोमवार रात एनएच 46 पर चौपेट नदी की पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कुछ देर बाद एक बिना नम्बर की कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की को ड्राइवर कट मार कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी का उसे पकड़ लिया। उससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नीलेश लोधा(29) निवासी ग्राम रामपुरिया पछेटा थाना जावर जिला झालावाड राजस्थान बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमे 5 बोरे रखे हुए मिले। उन्हें खोलकर देखा तो उनमें डोडा चूरा भरा हुआ था। इनका वजन किया यो 62 किलो 790 ग्राम निकला। इसकी कीमत दो लाख रुपये आंकी गयी है। आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह राकेश लोधा की कार चलाता है।

राकेश लोधा ने अपनी गाडी में डोडा चूरा( अफीम के छिलके) लेकर भेजा था। उसने कहा था कि तुमको पडोरा शिवपुरी तिराहा पर कोई व्यक्ति मिलेगा। उससे बात करा देना और डोडा चूरा के कट्टे( बोरे) उसको दे देना। इस आधार पर पुलिस ने राकेश लोधा पुत्र चौथमल लोधा (लववंशी)निवासी गणेश पुरा थाना जावर तहसील मनोहर थाना जिला झालावाड को भी आरोपी बनाया। पुलिस ने नीलेश को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही तस्करी में उपयोग की जा रही कार को भी जप्त कर लिया है। कुल 10 लाख रुपये का सामान जप्त किया गया है।

## अधिकारी-कर्मचारियों को सिखाए मतगणना करने के तौर-तरीके

### कल होगा दूसरे चरण का मतगणना प्रशिक्षण



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतों की गणना कार्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के मार्गदर्शन में व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है। गुना के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना के लिये नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक के निर्देशन में मंगलवार को एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के तौर-तरीके सिखाए गये। इस दौरान अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्रविशाल सिंह तथा सभी सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पीजी महाविद्यालय (ए ब्लॉक लाइब्रेरी भवन) के कक्ष 26 से 31 में एक साथ आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इन अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के लिये मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर और पोस्टल बैलेट की गिनती का दायित्व सौंपा जा रहा है। मतगणना का प्रशिक्षण 12 मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। जिसमें मतगणना प्रक्रिया एवं ईवीएम के माध्यम से मतगणना के तौर-तरीके बताये गये। साथ ही दो अलग कक्ष में पोस्टल बैलेट की गिनती के कार्य को सिखाया गया। प्रशिक्षण का दूसरा चरण 30 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रैनर द्वारा मतगणना की बारिकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतगणना पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए की जाये। मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश, प्रक्रिया, नियम और अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना सम्पन्न की जाये। मतगणना, निर्वाचन प्रकिया का एक महत्वपूर्ण कार्य है। दिये गये अनुदेशों की छोटी से छोटी बातों का पालन करें, जिससे कि मतगणना दोष-रहित हो और निर्वाचन के परिणाम के बारे में अभ्यर्थी या उसके अभिकर्ता के मन में कोई संदेह न रहे। मतगणना में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी दिनांक 3 दिसंबर को निर्धारित समय के एक घंटे पूर्व मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। अपने साथ आवश्यक आदेश, पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु लेकर नहीं आएं। अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्धारित टेबल पर ही बैठें। मतगणना कर्मियों को दूसरे रेण्डमाइजेशन के पश्चात विधानसभा और तीसरे रेंडमाजेशन के बाद टेबल आवंटित की जाएगी। मतगणना भवन में धूम्रपान एवं तंबाकू युक्त पदार्थ ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हाल में मोबाइल ले जाने की अनुमति भी नहीं रहेगी। प्रत्येक गणना कक्ष में सीसीटीवी कैमरे भी लगे होंगे।

## मारपीट करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

आष्टा, देशबन्धु। द्वितीय अपर सत्र न्यायधीश कंचन सक्सेना के न्यायलय द्वारा आरोपी नारायण सिंह पिता भेरूसिंह निवासी ग्राम रूपेटा तहसील आष्टा को भारतीय दंड विधान की धारा 325 में दोषी पाते हुए 3 वर्ष का साश्रम कारावास एवं दो हजार रूपयें के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अपरलोक अभियोजक विजेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि फरियादी जीवनसिंह पिता कोदरसिंह जाति सेंधव निवासी ग्राम रूपेटा ने घटना दिनांक 29 मई 2021 को अपने भांजे लोकेन्द्र के साथ आष्टा थाना पार्वती में रिर्पोट लेख कराई कि मैं सुबह सात-आठ बजें के लगभग अपने खेत पर बने टापरी के पास मवेशी बांधने गया था, तभी मेरे चाचा भेरूसिंह अपने हाथ में कुल्हाडी लेकर ओर उसका लडका नारायण अपने हाथ में लोहे का पाईप व अम्बाराम के हाथ में बांस की लकडी लेकर मुझे गालिया देकर बोले तु इधर से मवेशी क्यो निकाल रहा है, मैने गाली देने से मना किया तो मुझे तीनो मारने दौड़े, तभी मेरा भाई जयसिंह मुझे बचाने आया। तो नारायणसिंह ने अपने हाथ मे रखे लोहे के पाईप से मेरे भाई के जयसिंह के सिर में मारा, चोट लगने से जयसिंह नीचे गिर गया, भेरूसिंह ने अपने हाथ मे रखी कुल्हाडी से जयसिंह के पैर मे मारा व अम्बाराम लकड़ी से सीधे हाथ में मारा, मैं बचाने दौड़ा तो तीनो जाते-जाते बोले आईदा इधर से मवेशी लाया तो जान से खत्म कर दूंगा। तभी दुर्गेश व नारायण का भानेज भुपेन्द्र अपने हाथों में लकड़ी लेकर मुझे व मेरे भाई दोनो को गंदी गंदी गालिया देते हुए जयसिंह के साथ मारपीट करने लगे। तभी मेरे जीजा ज्ञानसिंह व भानेज कुलदीप एवं अन्य आसपास के लोग आ गये, जिन्होंने घटना देखी व बीचबचाव भी किया। जयसिंह को इलाज के लिए आष्टा अस्पताल लाये, गंभीर स्थिति होने के कारण इन्दौर जीबीएल हास्पिटल में इलाज कराया। घटना की रिर्पोट फरियादी द्वारा पार्वती थाना में कराई।

पुलिस द्वारा आरोपीगण नारायण सिंह, भेरूसिंह, अम्बाराम निवासी रूपेटा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर इजाफा धारा 307 में प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण में विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण अनुसंधान के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। विचारण न्यायालय ने अभियोजन की ओर से साक्ष्य कराई गई, दोनो पक्षों की बहस सुनने के उपरांत सेशन न्यायधीश कंचन सक्सेना के द्वारा आरोपी नारायण सिंह को दोषी पाते हुए धारा 325 में 3 वर्ष की सजा एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# अनाज की दुकान में रखा था अवैध केरोसिन, आग लगने से मचा हड़कंप

## एक घंटे में पाया काबू



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के बुधवारा इलाके में स्थित अनाज की दुकान में मंगलवार शाम आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया गया है कि दुकान में अवैध रुप से बेचा जाने वाला केरोसिन रखा होने से आग भभक उठी और लपटें ऊंची उठने लगी। इसकी सूचना फतेहगढ़ और पुल बोगदा फायर स्टेशन से मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवारा चौराहा पर अनाज की दुकान है। जहां शाम साढ़े 5 बजे अचानक आग लग गई। बताया गया है कि दुकान में अवैध रुप से केरोसिन बेचा जाता है । इसके चलते केरोसिन आग की चपेट में आ गया, ऐसे में आग भभक उठी और लपटें ऊंची उठने लगी। इससे हड़कंप की स्थिति बन गई। चूंकि पास में ही कपड़े समेत अन्य दुकानें होने से आग फैलने का डर था। इसलिए आसपास के लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। इस बीच आग लगने की सूचना मिलते ही फतेहगढ़ और पुल बोगदा फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायरकर्मी शाहनाबाज एहमद ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल और टैंकर मौके पर पहुंचाए गए, लेकिन रास्ते में यातायात अधिक होने की वजह से इन्हें घटना स्थल तक पहुंचने में मुश्किलें हुईं। जैसे-तैसे यह मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई गई है, लेकिन पास में केररोसिन और स्टोव्ह भी रखा था। ऐसे में यह संभावना भी है कि स्टोव्ह जलाते समय आग लग गई होगी। वहीं जिस दुकान में आग लगी, वही कपड़ा समेत अन्य दुकानें भी हैं। इस कारण आसपास के लोग भी आग बुझाने में लग गए।

# पति-पत्नी ने खाया जहर, महिला ने तोड़ा दम

## संतान नहीं होने से तनाव में थे

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में एक पति-पत्नी ने एक साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, युवक की स्थिति गंभीर है। परिजनों के मुताबिक निसंतान होने की वजह से दोनों तनाव में रहते थे। संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा। दोनों की शादी 3 साल पहले हुई थी। पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि चांदवाड़ी में रहने वाले राहुल अहिरवार उम्र 28 वर्ष और उसकी पत्नी सीमा उम्र 25 वर्ष सोमवार को घर में अकेले थे। दोपहर करीब एक बजे राहुल के पिता रामचरण घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि सीमा और राहुल उल्टियां कर रहे हैं। उन्होंने उनसे वजह पूछी तो उन्होंने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। इस पर रामचरण उन्हें तुरंत जेपी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां से उन्हें हमीदिया भेज दिया गया। यहां देर रात सीमा की मौत हो गई, जबकि राहुल की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कर महिला के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। वहीं परिजनों के विस्तृत बयान भी नहीं हो सके है। इसके चलते खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पति-पत्नी संतान नहीं होने से दुखी थे।

राहुल के पिता रामचरण अहिरवार ने बताया कि बेटे -बहू की शादी को 3 साल हो गए। उनकी कोई संतान नहीं थी। इस वजह से वे परेशान रहते थे। राहुल तो कुछ ज्यादा ही तनाव में दिखता था। मैंने कई बार उससे पूछा तो उसका कहना था कि संतान नहीं होने की वजह से परेशान रहता हूं। बेटे की बात सुनकर मैं उसे दिलासा देता रहता था। मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि वे ऐसा भी कदम उठा लेंगे।



*राहुल और सीमा अहिरवार की यह तस्वीर कुछ दिन पहले की है।*

## कार की ऑटो से भिड़ंत, 4 महिलाएं घायल

तेज रफ्तार कार और ऑटो की भिडंत में चार महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने बताया कि यह घटना अब्बास नगर से अचार पुरा जाते हुए हुई है, ब्लेयर कॉलोनी के पास ऑटो और ऑल्टो कार की भिड़ंत हुई। इस हादसे में ऑटो चालक को मामूली चोटें आईं, वहीं चारों महिलाओं को अधिक चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर तीन महिलाओं को हमीदिया अस्पताल भेजा, एक महिला खुद ही किसी निजी अस्पताल पहुंची। घायल महिलाओं में तारा, संगीता, कीर्ति और लक्ष्मी शामिल हैं। यह महिलाएं रोजाना अचार पुरा स्थित किसी फैक्ट्री में काम के लिए ऑटो से जाती थीं।

# खेल में मिला लापता बजुर्ग का शव

**भोपाल, देशबन्धु।** दिन भर से लापता एक बुजुर्ग का शव आधी रात खेत में मिला। बताया जा रहा है उनकी नाक पर किसी प्रकार की चोट है। इस पर परिजनों ने इसे हत्या बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक ग्राम बंदोरी कजलीखेड़ा निवासी कन्हैयालाल नरवरिया 75 खेती किसानी करते थे। घर से करीब पांच किलोमीटर दूर उनकी जमीन है। उम्र दराज होने के कारण कन्हैयालाल कोई काम नहीं करते थे, लेकिन खेत पर आना-जाना करते थे और पानी चला दिया करते थे। सोमवार सुबह भी वह खेत पर जाने का कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इस पर परिजनों ने पूरे इलाके में घूमकर उनकी तलाश की, मगर वह नहीं मिले। लेकिन रात करीब साढ़े 11 बजे उनका शव एक खेत में मिला, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी । इधर कन्हैयालाल के परिजनों का कहना है कि उनकी नाक पर किसी प्रकार की चोट है। ऐसे में हमें यह किसी प्रकार से हत्या का ही प्रयास लगता है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 2 संभाग के जिलों में अभी भी बारिश के आसार



*भोपाल में मंगलवार सुबह हल्की धुंध छाई रही। इसके चलते लोगों को लाइट जलाकर गाड़ियां चलाना पड़ीं।*

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर बने दो मौसमी सिस्टामों के असर से अभी भी प्रदेश के पूर्वी हिस्से में वर्षा के आसार बने हुए हैं। शेष इलाकों में भी बादल छाए रहेंगे एवं बूंदाबांदी होने की संभावना है। इस वजह से दिन का तापमान अभी सामान्य से कम बना रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पूर्वी मप्र एवं उससे लगे पश्चिमी मप्र पर 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इनके असर से पूरे प्रदेश में बादल बने हुए हैं और बुधवार को नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में बारिश होने की संभावना है। साथ ही भोपाल, इंदौर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

इधर राजधानी में सोमवार को दिन और रात में भी रुक-रुक कर होती रही। वहीं मंगलवार सुबह बूंदाबांदी हुई और 10 बजे के बाद धुंध छटी। इसके बाद धूप खिल आई। लेकिन बूंदाबांदी ने दिन का तापमान गिरा दिया और धूप में भी तीखापन नहीं था। वहीं मंगलवार को सुबह से शाम तक मलाजखंड में 21, पचमढ़ी में 12, मंडला में आठ, सिवनी में सात, छिंदवाड़ा में चार, जबलपुर में 1.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। उधर एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित करने लगेगा। उसके असर से गुरुवार से एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है।

## भोपाल में 5वीं तक स्कूल 9 बजे से पहले नहीं लगेंगे

ठंड को देखते हुए जिले के सभी स्कूल में आगामी आदेश तक नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाएं अब सुबह 9 बजे के पहले संचालित नहीं होंगी। उक्त आशय के आदेश कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को जारी किए है। आदेश में कहा गया है कि शीतकालीन मौसम प्रारंभ होने तथा तापमान में गिरावट के दृष्टिगत और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से नर्सरी से कक्षा - 5वीं तक सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई आदि सभी प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे से पहले संचालित नहीं होगी।

# खुशी मन से काम करने पर अधिक संतोष मिलता है: मिश्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए)द्वारा विद्यापीठ ग्रुप ऑफ़ इंस्टीयूशन के स्टूडेंट चैप्टर के अंतर्गत मार्केटिंग गुरू राजीव मिश्रा ने खुशियां ही जीवन का रास्ता शीर्षक पर व्याख्यान दिया तथा सफल जीवन के लिए विनोदपूर्ण तरीके से सात महत्वपूर्ण मंत्र बताएं।

श्री मिश्रा ने कहा कि खुशियां तभी हासिल होंगी जब आप स्वस्थ रहेंगे, मुश्किलों के सहने की क्षमता रखेंगे, दुसरो का सम्मान करेंगे, आपस में सोहद्रपूर्ण वातावरण रखेंगे, आपकी व्यवहार में दिन प्रतिदिन शुभ कामनाएं देगे। उन्होंने कहा कि खुशियों में काम करने से ही अधिक संतुष्ठि मिलती हैं। उन्होंने अनेक वीडियो सै खुश रहने के गुर बताए । कार्यशाला में बीएमए कि ओर से जीके छिब्बर ने कहा की स्टूडेंट चैप्टर में एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा अनुभव आधारित व्याख्यान दिए जाते है, ताकि छात्रों को वास्तविक ज्ञान मिले, जिनका लाभ अपनी भावी नौकरी अथवा व्यवसाय में ले सके। उन्होंने कहा कि समय समय पर नियमित कार्यशाला आयोजित की जाती रहेंगी। श्री छिब्बर ने छात्रों को बीएमए स्टूडेंट चैप्टर के सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। कार्यशाला में विद्यापीठ समूह के संचालक डॉ राजीव आर्य, सचिव आशीष सुहाने ने भी छात्रों को संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन फैकल्टी इन्चार्च अशोक तिवारी ने किया।

# विश्व एड्स दिवस पर वाहन रैली एक दिसंबर को

## परववाड़े में होंगी जन जागरूकता गतिविधियां

**भोपाल, देशबन्धु।** जनसामान्य में एचआईवी की जागरूकता को बढ़ाने और लोगों में इस बीमारी के प्रति व्याप्त भय और भ्रांतियों को दूर करने के लिए विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिसंबर को विशाल वाहन रैली आयोजित की जाएगी ।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि यह वाहन रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई एम्स पहुंचकर समाप्त होगी। इस अवसर पर एम्स में एचआईवी एड्स संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । एड्स पखवाड़े के दौरान एक से 15 दिसंबर तक जिले की विभिन्न स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थाओं में कैंडल मार्च, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, रंगोली इत्यादि के माध्यम से एचआईवी एड्स के बारे में भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। इस दौरान गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में एचआईवी अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जे के अस्पताल में सीएमई का आयोजन होगा। ओएसटी केंद्र में इंजेक्टेबल ड्रग यूजर्स के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल में मानव श्रंखला, पीपल्स मेडिकल कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैली, चिरायु मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जागरूकता गतिविधियों के साथ एचआईवी की काउंसलिंग, ट्रिपल टेस्टिंग, केयर सपोर्ट एवं ट्रीटमेंट की जानकारी भी दी जाएगी।

## एम्स में प्रशिक्षण आज

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 29 नवंबर को कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के लिए हेपेटाइटिस, सिफलिस एवं एचआईवी प्रशिक्षण एम्स चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एम्स के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा इन गंभीर बीमारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ट्रिपल टेस्टिंग को बढ़ावा देना और इन खतरनाक बीमारियों से बचाव के साथ-साथ इलाज की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक एवं चिकित्सालय द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण में एम्स के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई, माइक्रोलॉजी विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. शाश्वती नेमा, सीएफएम विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का उन्मुखीकरण किया जाएगा

# 4 साल बाद पूरे मजमे के साथ होगा आलमी तब्लीगी इज्तिमा

*__भोपाल, देशबन्धु।__ कोरोना काल में दो साल स्थगित रहे इज्तिमें आयोजन के बाद पिछले साल भी इसमें शामिल होने वालों की संख्या को सीमित रखा गया था। लेकिन इस साल यह विश्वस्तरीय मजहबी समागम अपने पूरे मजमे के साथ आयोजित किया जाएगा। इज्तिमें को लेकर ईंटखेडी के घासीपुरा स्थित इज्तिमागाह पर तैयारियों का अंतिम दौर जारी है, जबकि कई नीतिगत निर्णय अभी लिए जाना बाकी हैं। इनमें सामूहिक निकाह पर फैसला भी शामिल है।*

*आमतौर पर नवंबर माह में आयोजित होने वाले आलमी तब्लीगी इज्तिमें के आयोजन को इस बार विधानसभा चुनावों के चलते एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। यह आयोजन अब आठ दिसंबर से शुरू होगा और 11 दिसंबर को सामूहिक दुआ के साथ इसका समापन होगा। इज्तिमें के आयोजन के लिए ईंटखेडी स्थित इज्तिमागाह पर पिछले कई दिनों से स्वयं सेवक पहुंचकर जमीन समतलीकरण, पांडाल लगाने, वुजूखाने और बाथरूम के लिए पाइप लाइन बिछाने, बिजली के खंभे खड़े करने आदि के कामों को पूरा करने में जुटे हैं। इज्तिमा प्रबंधन कमेटी का कहना है कि अब तक करीब 70 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है, जबकि नगर निगम, पीडब्ल्युडी, विद्युत मंडल आदि सरकारी विभागों से जुड़े कुछ काम बाकी हैं, जिनमें अब तेजी आने की उम्मीद की जा रही है।*

*प्रबंधन कमेटी के अनुसार, आलमी तब्लीगी इज्तिमा में इस बार दुनियाभर की जमातों की आमद होगी। जिसमें अफगानिस्तान, कजाकिस्तान, मलेशिया, इंडोनेशिया, जकार्ता, बंगलादेश, अमेरिका, रूस आदि देशों की जमातें शामिल होंगी। लेकिन पाकिस्तान की जमातों को नहीं बुलाया गया है। वहीं भारत के सभी प्रदेशों के जमाती भी यहां पहुंचेंगे। इज्तिमें के दौरान तीन दिन चलने वाली मजहबी तकरीरों के दौर के बीच उलेमा लोगों को दुनिया में रखे जाने वाले अपने किरदार और अपने अल्लाह के लिए वफादारी की बातें सिखाएंगे। वहीं अंतिम दिन सुबह सामूहिक दुआ के साथ इज्तिमे का समापन होगा।*

## सामूहिक निकाह के बारे में अभी फैसला नहीं

*आलमी तब्लीगी इज्तिमा के दौरान तीन दिनों तक अलग-अलग समय तकरीर करने वाले उलेमाओं और दुआ-ए-खास की जिम्मेदारी संभालने वाले आलिम का नाम फिलहाल तय नहीं हुआ है। दिल्ली मरकज से नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इधर आमतौर पर इज्तिमा के दूसरे दिन होने वाले सामूहिक निकाह के आयोजन को अब पहले दिन करने की कवायद की जा रही है। लेकिन फिलहाल इसके लिए भी अंतिम फैसला नहीं हो पाया है।*

## इस बार मांसाहारी सामग्री की बिक्री रहेगी जारी

*इज्तिमा प्रबंधकों ने पिछले साल इज्तिमागाह में मांसाहारी खाद्य सामग्री की बिक्री पर पाबंदी लगाई थी। सफाई व्यवस्था को लेकर लगाई इस पाबंदी को लेकर लोगों ने एतराज और नाराजगी भी जताया थी । वहीं प्रशासन ने भी इस पाबंदी को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया था। लेकिन इस साल इस खाने के स्टालों को मांसाहारी खाद्य सामग्री की बिक्री की इजाजत दे दी गई है।*

## आने लगीं जमातें

*आलमी तब्लीगी इज्तिमा में शिरकत करने के लिए अलग-अलग शहरों से जमातों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है। ये जमाती शहर की विभिन्न मस्जिदों की स्थानीय गतिविधियों में जुटकर दीनी काम कर रहे हैं। साथ ही लोगों को इज्तिमा में शिरकत करने की दावत भी दे रहे हैं।*

## छिब्बर चुनाव मीडिया प्रमुख नियुक्त



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल अभिभाषक संघ के वर्ष 2023-/24 की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी रविंद्र तिवारी ने इन चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए अधिवक्ता जीके छिब्बर को मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है। श्री छिब्बर को नियुक्ति पत्र प्रदान करते समय सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता यश विद्यार्थी अधिवक्ता हासिम अली एवम अन्य चुनाव अधिकारी भी उपस्थित थे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र. ....../अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक अनूप कुमार जैन आ. दिलीप जैन निवासी बी- 75 माचना कालोनी कोलार भोपाल के द्वारा ग्राम दामखेडा प्लाट क्रमांक खसरा क्रमांक 3/363/32 क्षेत्रफल 328.99 वर्गमीटर के अंश भाग का पंजीकृत विक्रय पत्र/फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुंत किया गया है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात आगामी पेशी दिनांक 13.12.2023 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.**


# किसानों के पंजीयन और सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित

**भोपाल, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि वर्तमान में गिरदावरी में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण शासन द्वारा किसान पंजीयन एवं सत्यापन की व्यवस्था निर्धारित की गई है। पंजीयन में किसान का विवरण समग्र पोर्टल एवं विगत वर्ष के पंजीयन डाटाबेस से तथा किसान द्वारा धारित भूमि रकबा एवं खसरे की जानकारी भू-अभिलेख के डाटाबेस से प्राप्त की जाएगी।

सुश्री मालाकार ने बताया कि पंजीयन में किसान का विवरण, रकबे एवं बोई गई फसल एवं उसके रकबे की जानकारी के साथ आवेदन कृषक द्वारा पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें फसल एवं उसके रकबे की जानकारी के साथ आवेदन कृषक द्वारा पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें फसल का प्रकार एवं बोए गए रकबे की जानकारी किसान द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई जाएगी। उपार्जन एजेंसी द्वारा पंजीयन केन्द्रों पर आवेदन फार्म पर्याप्त मात्रा में में उपलब्ध कराए जाएगी। कृषक द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित फसल एवं बोए गए रकबा की प्रविष्टि ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन केन्द्र के आपरेटर द्वारा की जाकर पंजीयन कराया जाए। उन्होंने बताया कि पंजीयन में दर्ज फसल एवं रकबे का मिलान किसान के विगत वर्ष खरीफ में कराए गए पंजीयन में दर्ज रकबे तथा फसल से मिलान का कार्य एनआसईसी द्वारा डाटाबेस के आधार पर किया जाएगा। इस प्रकार, डाटा के मिलान के आधार पर निम्नानुसार कार्यवाही की जाए।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बैतूल (म.प्र.)**

E-mail-cmobetul@mpurban.gov.in Ph-07141-230424

**पता- नगर पालिका परिषद कोठी बाजार, बैतूल म.प्र.**

क्रमांक/राजस्व/2023/4728 बैतूल, दिनांक 23/11/2023

**नामांतरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि परिषद अधीनस्थ निम्नलिखित शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकान क्रमांक में नाम परिवर्तन (नामांतरण) किये जाने हेतु निम्न आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:

| क्रं. | दुकान क्रं. | काम्पलेक्स का नाम | वर्तमान आवंटिती का नाम / पिता का नाम | जिसके नाम से नामांतरण होना हैं, उसका नाम / पिता का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 08 | पालिका प्रागंण काम्पलेक्स प्रथम तल बैतूल | श्री रमाकांत अवस्थी पिता श्री रमेशप्रसाद अवस्थी | श्री राकेश शर्मा पिता श्री राजाराम शर्मा, बैतूल | आपसी सहमति शपथ पत्र, आवेदन पत्र |
| 2 | 09 | पालिका प्रागंण काम्पलेक्स प्रथम तल बैतूल | श्री संतोष पाल पिता श्री रामरतन पाल | श्री अमन सोनी पिता जी.पी. सोनी, बैतूल | आपसी सहमति शपथ पत्र, आवेदन पत्र |
| 3 | 04 | बस स्टैण्ड शॉपिंग काम्पलेक्स प्रथम तल बैतूल | श्री रमेश बारस्कर पिता चिन्धुराव बारस्कर | श्री तरण खाण्डवे पिता श्री अमृतराव खाण्ड़वे, बैतूल | आपसी सहमति शपथ पत्र, आवेदन पत्र |
| 4 | 01 | पालिका विहार शॉपिंग काम्पलेक्स बैतूल | श्री शिवचरण साहू पिता मोतीराम साहू, | श्री कृष्णा साहू पिता शिवचरण साहू, बैतूल | आपसी सहमति शपथ पत्र, आवेदन पत्र |
| 5 | 11 | पालिका विहार शॉपिंग काम्पलेक्स बैतूल | श्री भूपेन्द्र पिता श्री देशराज खुराना, उमेश शाह पिता श्री श्यामजी भाई | श्री पुष्पराज सोलंकी पिता श्री धनराज सोलंकी, बैतूल | आपसी सहमति शपथ पत्र, आवेदन पत्र |

उक्त नाम परिवर्तन ( नामांतरण) किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नामांतरण सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मय अभिलेख के लिखित में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा-109 व मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम, 2016 के अन्तर्गत अभिलेखों में नामांतरण कर नाम दर्ज कर दिया जावेगा। नामांतरण सूचना में आवश्यक संशोधन होने पर संशोधन का प्रकाशन केवल कार्यालय सूचना पटल पर हीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैतूल**

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 29 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## हादसा और हकीकत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार का दौर अब खत्म हो गया है। 28 नवंबर की शाम को मतदान के आखिरी दौर यानी तेलंगाना में चुनावों के पहले का प्रचार भी खत्म हो गया। इससे पहले मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव हो चुके हैं। 30 तारीख को तेलंगाना में मतदान होगा और उसके बाद 3 दिसंबर को नतीजे आ जाएंगे। यानी 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रधानमंत्री के पास कम से कम चुनावों का कोई काम नहीं होगा। वर्ना वे साल में तीन चौथाई समय इसी में व्यस्त रहते हैं। बचा एक चौथाई वक्त, हरी झंडी दिखाने, मंदिरों में पूजा-पाठ, नियुक्ति पत्र वितरण या फिर मन की बात में निकल जाता है। अभी पांच राज्यों के चुनाव थे, तो श्री मोदी की व्यस्तता अत्यंत बढ़ गई थी। आखिर सारे कामों में सबसे जरूरी उनके लिए भाजपा का प्रचार करना ही तो है। उन्हें भाजपा की खातिर विश्वकप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने अहमदाबाद जाना पड़ा, फिर बंगलुरू में तेजस में उड़ान भरनी पड़ी, इसके बाद तिरूपति जाकर बालाजी के दर्शन भी करने पड़े और इन सबके बीच 26 नवंबर को उन्होंने मन की बात भी की। भाजपा सही कहती है कि श्री मोदी 18 घंटे काम करते हैं। मात्र तीन घंटे सोने वाले श्री मोदी दिल्ली से ढाई हजार किलोमीटर दूर मणिपुर नहीं जा पाए। वे दिल्ली से 423 किमी दूर सिलक्यारा भी कम से कम इन पंक्तियों के लिखने तक नहीं पहुंच पाए।

उत्तरकाशी का सिलक्यारा 17 दिनों पहले तब सुर्खियों में आया, जब दीपावली के दिन खबर आई कि यहां बनाई जा रही साढ़े चार किमी की सुरंग में 41 मजदूर फंस गए हैं। कार्तिक अमावस्या की काली रात, जब देश का आसमान घुप्प स्याह हो गया था और लोग दीयों से अपनी जिंदगियों में रौशनी भरने में लगे थे, तब इन मजदूरों और इनके परिजनों के लिए रात और काली हो गई थी। अमावस्या से पूर्णिमा तक दिन गुजरते गए, इस दौरान इन मजदूरों के परिजन हर पल आस लगाए बैठे रहे कि किसी तरह उनके अपने अंधेरी सुरंग से बाहर निकल आएं। बचाव और राहत कार्य की कोशिशें जारी रहीं। विदेशों से मशीन मंगाई गई, उससे काम नहीं बना तो दूसरे तरीके आजमाए गए। मजदूरों से किसी तरह संवाद कायम रखा गया, उनकी खैर-खबर ली जाती रही। किसी ने बताया कि दैवीय प्रकोप यानी देवता के रुष्ट होने के कारण यह हादसा हुआ तो सुरंग के मुहाने पर बाबा बौखनाग का मंदिर अस्थायी तौर पर बनाया गया। यहां के लोगों में से कुछ का कहना है कि सुरंग बनाने के लिए पहले बने यहां के मंदिर को हटाया गया था, इसलिए यह हादसा हुआ। अब यह सोचने वाली बात है कि प्रकोप का शिकार मजदूर ही क्यों बने। अगर उन्होंने मंदिर पहले तोड़ा भी था, तो वो किसी के आदेश पर ही किया था, और ऐसे में सारा दोष आदेश देने वाले का हुआ, मजदूरों का नहीं। लेकिन जब बात धार्मिक मान्यताओं की हो तो वहां तर्कों को खारिज कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने ट्वीट में सबसे पहले बाबा बौखनाग की कृपा ही मानी है कि सभी मजदूरों के निकलने की आस बनी है।

कल ही यहां पूर्व सेनाध्यक्ष और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री वी के सिंह पूजा करते भी दिखे। एक टीवी चैनल ने ये भी दिखाया कि मंदिर के पास ही चट्टान पर एक आकृति उभरी है, जो शिवजी की तरह लग रही है। अमूमन आम लोग इस तरह की बातें करते हैं कि किसी पेड़ पर, फल को बीच में या चट्टान पर किसी देवता या देवी की आकृति नजर आई। यह विशुद्ध आस्था की बातें होती हैं और इनका कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं होता। जिस आकृति में एक धर्म के लोगों को अपने ईष्ट नजर आ सकते हैं, वही आकृति दूसरे धर्म के लोगों के लिए महज एक डिजाइन हो सकती है। पत्रकारिता में ऐसी बातों का जरा भी स्थान नहीं होना चाहिए। क्योंकि इनसे हम किसी न किसी तरह अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं। कहने को तो 21 सितंबर 1995 को पूरे देश में भगवान गणेश की प्रतिमाओं ने दूध पीना शुरु कर दिया था, यह खबर दुनिया भर के देशों में भी फैली थी और वहां भी कई भारतीयों ने मूर्ति को दूध पिलाने की कोशिश की थी। अफवाह फैलाने का एक सफल प्रयोग सिद्ध हुआ था और यह तय हो गया था कि भारतीयों के पास अगर चांद तक पहुंच रखने वाला दिमाग है, तो अंधविश्वासों को खुद पर हावी होने देने वाला दिल भी है। इस दिल और दिमाग के बीच जुगलबंदी बिठाते हुए सत्ता का खेल बखूबी खेला जा रहा है।

बहरहाल, जिसकी जो निजी आस्था है, वो उसे अपने तक सीमित रखे, उसका सार्वजनिक बखान बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मगर अब न पत्रकारिता में ऐसे मूल्यों को महत्व दिया जा रहा है, न राजनीति में। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर ये है कि सिलक्यारा की सुरंग में बस दो मीटर की खुदाई और करना है, फिर मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है। मजदूर आज की रात खुली हवा में सांस ले पाएंगे और कल का सूरज देख पाएंगे। उनका हौसला बना रहे, इसके लिए एक दूसरे पाइप के जरिए एंबुलेंस और भोजन-पानी पहुंचाया जा चुका है। बाहर निकलते ही मजदूरों के स्वास्थ्य की देखभाल का इंतजाम किया गया है। सुरंग में ये बचाव कार्य भारत का अब तक सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है। और इस ऑपरेशन में लगे तमाम लोगों की पहचान उनकी योग्यता और काम से हो सकती है, कपड़ों से नहीं।

अगर पहचान करनी ही है तो अब उन कारणों को पहचानना चाहिए, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ और 41 जिंदगियां खतरे में पड़ गई। चारधाम यात्रा को साल भर करने की जिद पहाड़ों पर भारी पड़ रही है। हिमालय नया पहाड़ है और इस पर पड़ने वाले दबाव का अंजाम केदारनाथ हादसे में देश भुगत चुका है। प्रकृति और विज्ञान दोनों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए पहाड़ में सुरंग खोदी जा रही है। आश्चर्य नहीं होगा, अगर कुछ दिनों की शांति के बाद यहां फिर से काम शुरु हो जाए। और सुरंग बनने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री उसका उद्घाटन करते दिखें।

# जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता पर लौटता राजनीतिक विमर्श

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये चुनाव निर्धारित हुए हैं उनमें से अंतिम तेलंगाना में गुरुवार को मतदान सम्पन्न हो जायेगा। मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सभी में मतदान पहले ही हो चुका है। इन सभी प्रदेशों के नतीजे एक साथ 3 दिसम्बर को आयेंगे। इन प्रादेशिक चुनावों का महत्व केवल सत्ता पर काबिज होने का नहीं रह गया है। उसके फलादेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की ज़रूरत है। इसका महत्व सिर्फ इसलिये भी नहीं है कि ये चुनाव अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के ऐन पहले हुए हैं। कायदे से तो जम्मू-कश्मीर के भी दिसम्बर में किये जाने थे परन्तु निर्वाचन आयोग एवं केन्द्र सरकार की न तो तैयारी दिखती है और न ही मंशा। हर बार की तरह सियासत की मुख्य धारा से अलग और बिलकुल भिन्न तरह के मुद्दों पर लड़ा जाने वाला जम्मू-कश्मीर का चुनाव जब भी होगा, इन राज्यों के मुकाबले अलग तासीर वाला रहेगा।

पिछले करीब साल भर से जो राजनीतिक परिदृश्य निर्मित हुआ है, उससे साफ है कि ये चुनाव लोकसभा-2024 के लिये जो विमर्श रचेंगे, उनमें जमीनी मुद्दों के साथ धर्मनिरपेक्षता का आयाम भी लौटेगा। भावी भारत किस राह चलेगा, यह भी इन्हीं 5-6 महीनों में तय हो जायेगा। वैसे जनसरोकार हो या धर्मनिरपेक्षता- दोनों को ही बेपटरी करने का काम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में बनी केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने किया है। पहले कार्यकाल (2014-19) में उसकी शुरुआत हुई और 2019 में प्रारम्भ हुई उनकी दूसरी कार्यावधि के दौरान उसमें प्रगाढ़ता आई। ऐसे में जब तीसरी बार पीएम बनने मोदी को जनादेश लेने के लिये जनता के बीच जाने में आधा साल भी नहीं बचा है, ऐसे कोई चिन्ह दिखलाई नहीं देते कि वे किसी नयी राह पर चलकर लोगों से वोट मांगेंगे। इसका कारण यही है कि इस बीच उन्होंने न तो यथार्थवादी मुद्दों पर काम किया और न ही साम्प्रदायिक सौहार्द्र व सामाजिक सद्भाव को महत्ता दी। इसके उलट उन्होंने सामजिक विभाजन तथा ऊर्ध्वाधर व क्षैतिज दोनों ही तरह से समाज को बांटने का काम किया है। इसके भरपूर दृष्टांत पिछले नौ-साढ़े नौ साल के दौरान देखने को मिले। इसलिये यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अगले चुनावों में ऐसा एजेंडा निर्धारित हो पायेगा जिससे देश अपनी खोई हुई लय को पा जाये? यूं तो दोनों ही मसले समान महत्व के हैं परन्तु कह सकते हैं कि जनहित के मुद्दों से हटने के कारण लोगों का जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी तो बड़े प्रयासों से भरपायी हो सकती है, लेकिन लोगों के बीच जो विभाजन और सामाजिक विखंडन हुआ है, उसको ठीक करने में लम्बा समय लगेगा। वैसे भी आने वाली सरकारें अगर जमीनी मुद्दों पर नये सिरे से पहल करती है तो उसका कोई विरोध न होगा क्योंकि आर्थिक लाभ सभी को सुहाता है- वैचारिक मतभेदों के बावजूद; परन्तु लोगों को फिर से



डॉ. दीपक पाचपोर

> ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे।

जोड़ने एवं समाज को एक सूत्र में पिरोने की अगर कोशिशें होती हैं तो उसका विरोध उन्हीं शक्तियों द्वारा जारी रहेगा जो पिछली करीब एक शताब्दी से सक्रिय रही हैं और जिन्होंने देश को कभी एक न होने देने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगाये रखा।

इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों के जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, अगर वैसा हुआ तो धर्मनिरपेक्षता के भी केन्द्र में लौटने की आशा बंधती है। इसका कारण यह है कि इन चुनावों में मतदाताओं की दिलचस्पी केवल आर्थिक मुद्दों पर नहीं थी। यह सच है कि लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार, केन्द्रीकृत पूंजीकरण पर बातें करने लगे हैं और अब इन्हें जीवन के ज़रूरी हिस्से मानने लगे हैं। फिर भी, कर्नाटक चुनाव से जनता के बीच जो हिलोरें उठी थीं वे इन राज्यों तक पहुंचते-पहुंचते बड़ी लहरें बन चुकी हैं जिनमें भाजपा की नाव डूबती नज़र आ रही है- पांचों राज्यों में। मिजोरम तथा तेलंगाना में तो वह वैसे भी मैदान से बाहर हो चुकी है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में वह विकास पर कोई बात नहीं कर पाई, जबकि उसके तीनों मुख्यमंत्रियों ने इन सूबों पर लम्बा वक्त राज किया है- क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह एवं डॉ. रमन सिंह। इसकी बजाय उसने ध्रुवीकरण को ही आजमाना तय किया। राजस्थान में कन्हैयालाल की हत्या को उठाया तो छत्तीसगढ़ में कवर्धा व बीरनपुर (बेमेतरा) के मामलों को केन्द्र में रखा। बीरनपुर कांड में मारे गये भुनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को उसने साजा विधानसभा क्षेत्र में कद्दावर नेता रवींद्र चौबे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा। मध्यप्रदेश में कोई घटना विशेष का इसलिये ज़िक्र नहीं किया क्योंकि वहां उसी की सरकार है। तो भी साम्प्रदायिकता का विषय कभी पीछे नहीं छूटा। वहां ध्रुवीकरण की जो भी कोशिशें हुईं वे अपनी सरकार को बचाने, उसे निर्दोष साबित करने और कांग्रेस को दोषी साबित करने वाली थीं। हालांकि वहां भ्रष्टाचार, एक आदिवासी युवक के सिर पर सवर्ण द्वारा पेशाब करने जैसे मामले अधिक मुखर रहे।

दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से धर्मनिरपेक्षता का विमर्श शुरू हुआ था। नफरत के खिलाफ निकाली गई मोहब्बत की इस यात्रा का मकसद उसी वैमनस्यता को खत्म करना था जो हिदुओं-गैर हिंदुओं तथा हिंदुओं के भीतर अगड़ों-पिछड़ों के बीच भाजपा ने घुसाया है। सवाल अब यह है कि ऐसे में जब मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके अन्य 27 सहयोगी दल, जो अब संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया के हिस्से हैं तथा वे भी जन सरोकारी राजनीति पर उतरे हुए हैं, उन्हें सकारात्मक जवाब देने भाजपा अपनी राह बदलेगी? सम्भवतः नहीं। इसका कारण यह है कि अब भी पार्टी का प्रमुख या कहें तो एकमात्र चेहरा मोदी ही हैं जिनकी लोकप्रियता का आधार ही उनका ध्रुवीकरण की राजनीति में पारंगत होना है। विकास के मामले में उनका ट्रैक रिकार्ड बेहद खराब है। इसलिये दरकती छवि के बावजूद भाजपा व मोदी अब भी ध्रुवीकरण के ही एजेंडे पर कायम हैं। राममंदिर के शिलान्यास की तिथि नज़दीक आ रही है- 22 जनवरी, 2024 और इसमें मुख्य अतिथि (शायद अकेले) मोदी रहेंगे और पार्टी इस संदेश को देश के घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर चुकी है। न करती तो आश्चर्य होता। राजस्थान का चुनाव जिस शाम खत्म हुआ, मोदी का मथुरा में मीरा जन्मोत्सव और उस स्थान पर जाना जहां कृष्ण का जन्म हुआ था, संकेत देता है कि अयोध्या के बाद अब बारी मथुरा की है। अगले दिन तिरुपति बालाजी मंदिर में मोदी का पहुंचना बतलाता है कि भाजपा के पास कोई अन्य मुद्दा शेष नहीं है और 2024 का चुनाव अंततः इन्हीं तरीकों से लड़ा जाएगा।

इसके बावजूद कहा जा सकता है कि ध्रुवीकरण की काट तो सशक्तिकरण ही है। जातिगत जनगणना, न्याय योजनाएं, कर्ज माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय योजनाएं आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जो कांग्रेस के हाथ मजबूत कर सकते हैं। कर भी रहे हैं। इन्हीं के बल पर कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना भी जीत सकती है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस का ठोस मुद्दों की राजनीति में जो विश्वास मजबूत किया है, उसे आगे बढ़ाने में इन पांच राज्यों के परिणाम मदद करेंगे। भाजपा की दिक्कत यह है कि अब अगर वह अपना एजेंडा बदलना भी चाहे तो उसके पास इस मोर्चे पर साख बनाने का वक्त नहीं है। फिर उनके अपने समर्थक ही उनसे मुंह मोड़ लेंगे।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# गाजा संघर्ष ने बढ़ाया धार्मिक नेताओं के बीच मतभेद

■ **जेम्स एम डोर्सी**

7 अक्टूबर को इज़रायल पर हमास के हमले ने सिर्फ मुस्लिम राजनीतिक नेताओं को ही विभाजित नहीं किया है, बल्कि इसने धार्मिक हस्तियों और संस्थानों को भी इस बात पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करने के लिए विवश किया कि 21वीं सदी में इस्लाम का क्या मतलब है, जो इसके बारे में एक गहरे विभाजन को दर्शाता है।

मतभेदों के मूल में इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर निर्दोष पीड़ितों के साथ सहानुभूति रखने की क्षमता और इच्छा है, भले ही ध्यान गाजा पर इजरायल के हमले, पश्चिम के दोहरे मानकों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नरसंहार पर और लड़ाई पर दीर्घकालिक रोक लगाने में विफलता पर हो।

यह विभाजन इजरायलियों और यहूदियों के बीच प्रतिबिंबित होता है, जिनमें से कई को निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों की अत्यधिक पीड़ा के प्रति बहुत कम सहानुभूति है।

निश्चित रूप से, अधिकांश मुस्लिम धार्मिक नेताओं का मानना है कि हमास का हमला 1967 के मध्य पूर्व युद्ध के दौरान जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर दशकों के कब्जे और फिलिस्तीनी प्रतिरोध को दबाने और एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थापना को विफल करने के लिए बनाई गई इजरायली नीतियों से उपजा है।

> गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है। युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।

कई लोग यह भी तर्क देते हैं कि गाजा में अंधाधुंध इजरायली बमबारी और जमीनी हमले ने 14,000 से अधिक गाजावासियों को मार डाला, 30,000 से अधिक अन्य को घायल कर दिया, और जीवन की बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। इसने हमास के हमले की क्रूरता को भी पीछे छोड़ दिया, जिसके कारण 1,200 लोगों की मौत हुई जिसमें ज्यादातर नागरिक इजरायली थे।

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विद्वानों के बीच विभाजन मुसलमानों के स्पेक्ट्रम के दो ध्रुवों की प्रतिक्रिया में स्पष्ट है जो खुद को उदारवादी के रूप में परिभाषित करते हैं।

इसमें शरिया और राजनीतिक बहुलवाद में सर्वोच्चतावादी और भेदभावपूर्ण धाराओं को हटाने के लिए इस्लामी न्यायशास्त्र में सुधार की वकालत करने वाले धार्मिक नेताओं और विद्वानों से लेकर निरंकुशों से जुड़े धार्मिक हस्तियां और संस्थान तक शामिल हैं, जिनमें से कुछ अधिक सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर हैं, लेकिन असहमति को दबाते हैं और धार्मिक कानून में सुधार का विरोध करते हैं।

इस्लाम की 'उदारवादी' व्याख्याओं में विविधता यह परिभाषित करने के संघर्ष को दर्शाती है कि 21वीं सदी में उदारवादी इस्लाम का क्या अर्थ है। यह आस्था की उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच विभाजन को भी प्रतिध्वनित करता है जो तुर्की के राष्ट्रपति रेसेपतैयपएर्दोगन से लेकर ईरान के जिहादियों तक फैली हुई है।

7 अक्टूबर के हमले में नागरिक इजरायलियों की बेतहाशा हत्या के साथ, मुस्लिम ब्रदरहुड से प्रेरित एक इस्लामी समूह हमास, जो अपने राष्ट्रवाद को धार्मिक आवरण में छुपाता है,ने इस्लाम के उदारवादी और अधिक उग्रवादी अभिव्यक्तियों के बीच की रेखाओं को धुंधला कर दिया है।

विभिन्न दृष्टिकोणों की गड़बड़ी अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने और आतंकवादियों को शरिया में वैधीकरण खोजने की क्षमता से वंचित करने के लिए मुस्लिम धार्मिक न्यायशास्त्र में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

दुनिया के सबसे बड़े और सबसे उदारवादी, इंडोनेशिया स्थित मुस्लिम नागरिक समाज आंदोलन, नहदलातुलउलमा और काहिरा स्थित इस्लामी शिक्षा के 1,053 साल पुराने गढ़ अल-अजहर की गाजा युद्ध की प्रतिक्रियाओं में विरोधाभास, इस गड़बड़ी को उजागर करता है।

इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के 'न्यायपूर्ण' समाधान का आह्वान करते हुए एक बयान में, नहदलातुलउलमा ने आग्रह किया कि धार्मिक प्रेरणा- जिसमें सार्वभौमिक प्रेम और करुणा, मानव भाईचारा और न्याय के मूल्य शामिल हैं – को हर समय सार्वजनिक जागरूकता में सबसे आगे लाया जाना चाहिए और जमीनी स्तर से लेकर राज्य सत्ता के गलियारों तक, समाज के हर स्तर पर संघर्ष को सुलझाने में मदद करना चाहिए।

बयान में मुसलमानों से 'बढ़ती (इजरायली-फिलिस्तीनी) हिंसा में मारे गये सभी लोगों की आत्माओं के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना करने का आह्वान किया गया।'

इसने आगे वकालत की कि 'हर जगह लोग और सरकारें... नफरत और शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए पहचान को हथियार बनाने या धर्म की अपील करने से बचें, जिसमें इज़रायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष और हिंसा भी शामिल है।'

बयान के बाद, नहदलातुलउलमा ने 'मध्य पूर्व हिंसा और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के खतरों को संबोधित करने में धर्म की भूमिका' पर चर्चा करने के लिए मुस्लिम और गैर-मुस्लिम धार्मिक अधिकारियों को एक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है।

इसके विपरीत, अलअज़हर ने अपने बयान में कहा, 'हम फ़िलिस्तीनी लोगों के प्रतिरोध के प्रयासों को गर्व से सलाम करते हैं।' इसने फिलिस्तीनियों के प्रति 'ईमानदारी से संवेदना' व्यक्त की, जो 'अपनी मातृभूमि और राष्ट्र की रक्षा के लिए शहीद हो गये' और मारे गये निर्दोष इजरायलियों का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

अलअज़हर के ग्लोबल फतवा सेंटर ने हमास के दावे को दोहराते हुए एक धार्मिक राय जारी की कि कोई भी इजरायली निर्दोष नहीं है, क्योंकि इजरायल के बयान उस छवि को पेश करते हैं जिसके अनुसार सभी गाजावासी आतंकवादी और हमास के समर्थक हैं।

फतवे में कहा गया, 'नागरिक' शब्द कब्जे वाली भूमि पर ज़ायोनी निवासियों पर लागू नहीं होता है। बल्कि, वे उस भूमि पर कब्ज़ा करने वाले हैं जो अधिकारों को हड़पते हैं, पैगम्बरों के तरीकों की उपेक्षा करते हैं और ऐतिहासिक यरूशलेम में पवित्र स्थलों पर हमला करते हैं।'

यह स्पष्ट नहीं है कि क्या फतवा 1967 के मध्य पूर्व के दौरान इज़रायल द्वारा जीती गई फिलिस्तीनी भूमि पर बसने वालों का जिक्र कर रहा था या सभी इजरायली यहूदियों को बसने वालों के रूप में परिभाषित किया गया।

हमास के हमले का समर्थन करते हुए, विभिन्न वरिष्ठ अलअज़हर मौलवियों ने यहूदियों को 'वानरों और सूअरों के शापित वंशज' के रूप में वर्णित किया।

किसी भी बिंदु पर गाजा से संबंधित अन्य आधिकारिक अलअज़हर बयानों और व्यक्तिगत विद्वानों की घोषणाओं में धर्म, नस्ल या पंथ की परवाह किये बिना निर्दोष नागरिकों की हत्या की निंदा नहीं की गई।

गाजा युद्ध ने इजरायल-फिलिस्तीनी विभाजन के दोनों किनारों पर मनुष्यों की सबसे विनाशकारी प्रवृत्ति- अस्तित्व, क्रोध, भय, निराशा और प्रतिशोध- को जन्म दिया है।

युद्ध मुस्लिम और यहूदी धार्मिक नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है कि क्या वे लड़ाई से ऊपर उठ सकते हैं और मानवीय और नैतिक रूप से बचाव योग्य स्थिति अपना सकते हैं? अब तक, वे काफी हद तक परीक्षण में विफल रहे हैं।

## पावन प्रसंग

# मितव्ययी बनें, आय-व्यय का संतुलन बनाएं

पारिवारिक बंधन का महत्वपूर्ण पहलू धन है। इसी के आधार पर घर की सारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। देखा जाए तो परिवार की सर्वाधिक शक्ति का उपयोग अर्थोपार्जन में ही जाता है। पुराने जमाने की बात नहीं करें। लेकिन जब से महंगाई ने अपना मुंह बड़ा किया है, तब से परिवार के परिजनों का जीवनयापन बड़ी कशमकशपूर्ण परिस्थिति में होने लगा है, क्योंकि आय के स्रोत सीमित हैं- महंगाई आय के अनुपात से अधिक बढ़ गई है। इस कारण घर खर्च पूरा नहीं पड़ता है। दूसरी ओर शान-शौकत के मूल्यों ने जीवन को विलासी बना दिया है। इन मूल्यों को पूरा करने के लिए परिवार के बजट का अधिकांश भाग खर्च होने लगा है। प्राथमिक आवश्यकता रोटी पर आजकल बहुत कम व्यय होता है। कपड़ा और अन्य विलासी सामानों पर भारी व्यय होने से परिवार के सामने अर्थ समस्या हर घड़ी बनी रहती है। इसकी पूर्ति के लिए परिवार के हर परिजन को कुछ-न-कुछ प्रयत्न भी करने पड़ते हैं।

परिवारों में शान-शौकत के पीछे एक दृष्टिकोण पनप गया है कि बढ़िया फर्नीचर, कीमती वस्तुओं टेलीफोन, फ्रीज आदि द्वारा रिश्तेदारों में और अपने संपर्क के लोगों पर अपना प्रभाव डाले रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि उनका परिवार दूसरों के सामने हीन समझा जाए। चाहे पति हो या पत्नी घर में इनमें से कोई एक भी इस शान-शौकत से भरी झूठी जिंदगी का हामी रहा तो घर में बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

विलासी वस्तुओं को अल्प वेतन में तो नहीं खरीद पाता है। अस्तु, वह इन शान-शौकत की वस्तुओं को उधार खरीदने लगता है। इसका परिणाम होता है कि वेतन का दो-तिहाई हिस्सा उधार ब्याज पूरा करने में ही खर्च हो जाता है। शेष वेतन में पत्नी घर का खर्च कैसे चलाए, क्योंकि घर में अच्छा भोजन, अच्छा साधारण रहन-सहन तथा अच्छा वातावरण इन तीनों की पूर्ति के लिए कुछ-न-कुछ वेतन का अधिक भाग व्यय करना पड़ता है। वह सब किस्तों की पूर्ति में खर्च हो जाता है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा आदि भी होते रहते हैं। किंतु किया क्या जाए?

शान-शौकत भी रखी जा सकती है, किंतु इसका क्रम में रोटी, कपड़ा, मकान आदि के पश्चात आता है। यदि इन पर खर्च होने के बाद कुछ बचता है, तो शान-शौकत इतनी ऊंची भी न हो कि हैसियत की चादर को ही फाड़ डाले। फिर वक्त जरूरत के लिए बचत का भी बजट रहना चाहिए। घर की अनिवार्य आवश्यकताओं के पश्चात कीमती वस्तुएं परिवार के उपयोग में आने वाली हैं, तो किस्तों की अपेक्षा मासिक बचत करके कुछ महीनों के बाद कीमत चुकाकर ही खरीदना अधिक लाभदायक है क्योंकि किस्तों में तो दुकानदार ब्याज-बट्टा खाता आदि सभी गुंजाइश रखकर किस्त बांधता है। अच्छा यही है कि आवश्यक वस्तुओं की ओर दृष्टि जानी चाहिए।

घर में उधार के कारण पत्नी, बच्चे तथा परिवार के परिजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाहर चाहे शान-शौकत दिखाई देती है, किंतु मन के भीतर ऋण का भार कचोटता रहता है। इससे मानसिक अशांति बनी रहती है। इस अशांति का प्रक्षेपण बच्चों-पत्नी पर आए दिन हुआ करता है। कहना चाहिए पारिवारिक जीवन में अव्यवस्थित वातावरण तैयार हो जाता है। क्या ये शान-शौकत की कीमती वस्तुएं मानसिक शांति को दूर कर सकने में मदद कर सकती हैं। प्रदर्शन में दूसरों का अनुकरण न करें। सादगी को आदर्श मानकर अपनी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप खर्च करेंगे तो जीवन सुखी और संतुष्ट बनेगा।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नही

दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरीह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्तिसंपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तारवादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके वीभत्स उदाहरण हैं जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। यह सब अंतरराष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं। भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है। ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तारवादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए।

कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट, हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम में विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य करना ही राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग-अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं, यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेल, रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

# खेल जगत

## मैं कबड्डी खेल को आजमाना पसंद करूंगा : डेविड वार्नर

**मुंबई,** 28 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत से बेहद प्रभावित हुए और जब उन्हें आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के बीच में प्रो कबड्डी लीग टूर्नामेंट की झलकियां दिखाई गईं तो उन्होंने कहा, मुझे यह लड़का पसंद है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा, इस खेल में बहुत अधिक चपलता और शक्ति की आवश्यकता है। मैं इस खेल के लिए एडेन मार्करम को नामांकित करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह यह खेल खेलना चाहेंगे, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा, मैं निश्चित रूप से इस खेल को आजमाना चाहूंगा। इसके अलावा, वार्नर ने अपने साथियों स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस के साथ मिलकर मार्कस स्टॉयनिस को कबड्डी के लिए नामांकित किया। दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज केशव महाराज पवन सहरावत से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने कहा, मुझे उनकी हाई-फ्लाई पसंद है।




# भारत ने ऋतुराज के शतकीय प्रहार से ऑस्ट्रेलिया को दिया 223 रनों का लक्ष्य

- खराब शुरूआत के बाद ऋतुराज ने भारत को संभाला
- यशस्वी जयसवाल 6 और ईशान किशन बिना खाता खेले हुए आउट
- आखिरी ओवर भारत ने मैक्सवैल के ओवर में जोड़े 30 रन




**गुवाहाटी एजेंसी।।** भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में मंगलवार को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 123 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 223 रन बनाने का लक्ष्य दिया।

आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने हालांकि दूसरे ओवर में यशस्वी जयसवाल छह रन का विकेट गंवा दिया। जयसवाल को बेहरेनडोर्फ ने वेड के हाथों कैच आउट कराया, उस समय टीम का स्कोर महज 14 रन था। तीसरे ओवर में इशान किशन शून्य को केन ने स्टोइनिस के हाथों कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऋतुराज के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिये 57 रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में हार्डी ने सूर्यकुमार यादव 39 रन पर वेड के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया। यादव के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने ऋतुराज का भरपूर साथ दोनों बल्लेबाज अंत तक क्रीज पर बने रहे।

ऋतुराज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 शतक बनाया। उन्होंने 57 गेंदों में 13 चौकों और सात छक्कों की मदद से 123रन बनाकर नाबाद रहे और वहीं तिलक वर्मा ने 24 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों ने मैदान में चारों ओर शॉट लगाते हुए निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 222 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में ऋतुराज ने मैक्सवैल के ओवर में 30 रन जोड़ो, जिस कारण से एक 200 के आसपास दिखाई दे रही भारतीय टीम का स्कोर 222 परों तक पहुंच गया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से केन रिचर्डसन, जेसन बेहरेनडोर्फ और आरोन हार्डी ने एक-एक विकेट लिया।

## फिलिप, मैक्डरमोट, ग्रीन और ड्वार्शुइस टी-20 टीम में होंगे शामिल

**सिडनी।** जोश फिलिप, बेन मैकडरमॉट, क्रिस ग्रीन और बेन ड्वार्शुइस को भारत में चल रही टी-20 श्रृंखला के आखिर मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जायेगा और कई खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। न्यू साउथ वेल्स और सिडनी थंडर के ऑफस्पिनर क्रिस ग्रीन भारत में टी-20 टीम में बुलाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण की संभावना हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस के साथ दौरे में शामिल हो रहे हैं। वहीं खिलाड़ियों का एक समूह मंगलवार को गुवाहाटी में तीसरे मैच के बाद स्वदेश रवाना हो रहा है। सीन एबॉट, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, स्टीवन स्मिथ और एडम जम्पा एकदिवसीय विश्वकप जीत के बाद स्वदेश लौट आएंगे। जबकि ट्रैविस हेड टीम में बने रहेंगे और ओपनिंग भी करेंगे। मैक्डरमोट और फिलिप भारत पहुंच गये हैं जबकि ग्रीन और ड्वार्शुइस चौथे मैच के लिए रायपुर पहुंचने पर टीम से जुड़ेंगे। 30 वर्षीय ग्रीन ने टी-20 क्रिकेटर के रूप में जाने जाते है हालांकि पिछले 12 महीनों में वह न्यू साउथ वेल्स की शेफील्ड शील्ड टीम में एक नियमित खिलाड़ी हैं। बीबीएल में उन्होंने थंडर के लिए 29.56 की औसत और 7.14 की इकॉनमी रेट से 66 विकेट लिए हैं। क्रिस ग्रीन दुनिया भर में टी-20 मैच खेल चुके हैं फिलिप, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज है उन्होंने 2021 की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20 खेला था। उन्होंने अपने दूसरे और तीसरे मैच में 45 और 43 रनों के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं। लेकिन वेस्ट इंडीज और बंगलादेश के दौरे की अपनी अगली सात पारियों में 13रन से अधिक नहीं बना सके। उन्होंने सीज़न की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक भी बनाया।

# हैरी ब्रूक और नट शिवर ब्रंट ने जीता बॉब विलिस पुरस्कार

**लंदन, एजेंसी।।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रूक को 2023 क्रिकेट राइटर्स क्लब अवार्ड्स में बॉब विलिस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। हरफनमौला नट शिवर-ब्रंट ने लगातार दूसरे वर्ष महिला क्रिकेट पुरस्कार जीता। एक शानदार वर्ष के बाद, जिसमें ब्रूक ने तीन अलग-अलग प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ब्रूक को बॉब विलिस ट्रॉफी प्रदान की गई, जो इंग्लैंड के वर्ष के पुरुष या महिला खिलाड़ी को दी जाती है।

सीडब्ल्यूसी यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर जीतने के तुरंत बाद, 24 वर्षीय ब्रूक ने वर्ष के समग्र क्रिकेटर की ट्रॉफी अपने घर ले ली। इंग्लैंड को टी20 विश्व कप जीतने में मदद करने और अपने पहले 12 टेस्ट मैचों में चार शतक बनाने के बाद ब्रूक नवंबर 2022 में गेंदों का सामना करने के मामले में 1,000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए।

इसके अलावा, ब्रूक ने 41 गेंदों पर शतक बनाकर नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को द हंड्रेड जीतने में मदद की, जिससे उनके लिए इंग्लैंड के विश्व कप रोस्टर में शामिल होने का द्वार खुल गया। ब्रूक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप इसमें सबसे ऊपर है। विश्व कप जीतना, एशेज श्रृंखला में खेलना और इस वर्ष मेरे पास जो कुछ चीजें हैं उनमें से कुछ का अनुभव करना एक सपने के सच होने जैसा है।

यह मेरे जीवन का अब तक का सबसे आनंददायक समय रहा है। जिस तरह से हम वहां गए और अपना क्रिकेट खेलने की कोशिश की वह वास्तव में मजेदार रहा। 6-0 से पिछड़ने के बावजूद, महिला एशेज में इंग्लैंड के लिए शिवर-ब्रंट के प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के साथ श्रृंखला 8-8 से बराबर करने में मदद की,



जिससे उन्हें लगातार दूसरे वर्ष महिला क्रिकेट पुरस्कार मिला।

साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल तक की यात्रा के दौरान शिवर-ब्रंट इंग्लैंड की अग्रणी रन स्कोरर भी रही थीं।

शिवर-ब्रंट ने कहा, ऐसा लगता है कि यह अभी भी मेरे लिए वास्तविक नहीं है।

बस इसके बारे में एक त्वरित विचार करें और वास्तव में उस वर्ष की विशालता के बारे में सोचें जो घटित हुआ। उम्मीद है कि यह महिला क्रिकेट की यात्रा के संदर्भ में कई पहला में से पहला है। समरसेट के किशोर विकेटकीपर-बल्लेबाज जेम्स रीव को एक सफल सीज़न के बाद वर्ष का युवा क्रिकेटर नामित किया गया।

रीव ने काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट के लिए 1,000 से अधिक रन बनाए और 57.15 के औसत के साथ अग्रणी डिवीजन वन रन-स्कोरर तालिका में तीसरे स्थान पर रहे।

# शिवा थापा और अमित पंघाल ने जीत के साथ की शुरुआत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किग्रा) और 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) ने 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में तीसरे दिन विजयी नोट पर अपने अभियान की शुरुआत की।

असम का प्रतिनिधित्व करते हुए शिवा ने अभिनाश जामवाल के खिलाफ दबदबे वाले अंदाज में शुरुआत की। लेकिन, जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज ने उल्लेखनीय वापसी की और रेफरी को प्रभावित करते हुए शिवा को प्रत्येक अंक के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही लेकिन अत्यधिक अनुभवी शिवा ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को 4-3 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। अब मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में उनका मुकाबला कर्नाटक के संतोष एचके से होगा।

अमित, जो एसएससीबी के लिए खेल रहे थे, महाराष्ट्र के शिवाजी के खिलाफ थे। हमेशा की तरह दृढ़ दिख रहे थे।अमित ने 5-0 की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। अब राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला मंगलवार को पंजाब के जयशंदीप सिंह से होगा।

हिमाचल प्रदेश के टोक्यो ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी पंजाब के अर्शदीप सिंह को हराया। आशीष अपने खेल में शीर्ष पर थे और उन्होंने जीत हासिल करने के लिए कार्यवाही में अपना दबदबा बनाया। मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में उनका मुकाबला चंडीगढ़ के नीतीश कुमार से होगा ।

एशियाई चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता गोविंद साहनी (48 किग्रा) जो आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के लिए खेल रहे हैं, त्रिपुरा के सायन लोध के लिए मजबूत साबित हुए। गोविंद ने आक्रामक रुख के साथ आगे बढ़ना शुरू किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

कुछ ही समय में गोविंद ने रेफरी के साथ मुकाबले के फैसले को पहले ही राउंड में रोककर खेल समाप्त कर दिया। अब राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के विशाल से होगा।

# विश्व कप खिताब जीतने के बाद मेरी कप्तानी बेहतर हो रही है : पैट कमिंस


**नई दिल्ली, एजेंसी।।** ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप 2023 विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि छठा वनडे विश्व कप खिताब जीतने के बाद उनकी कप्तानी बेहतर हो रही है।

कमिंस को एक कप्तान के रूप में उनके अनुभव की कमी के कारण संदेह की नजर से देखा जाता था, खासकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में, भले ही वह एक प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज थे।

उन्होंने 2023 विश्व कप से पहले केवल दो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था। ऑस्ट्रेलिया अपने शुरुआती दो विश्व कप मैच हार गया, जिससे वह तालिका में सबसे नीचे चला गया और उसके नेतृत्व पर और अधिक संदेह पैदा हो गया।सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ट्रॉफी प्रेजेंटेशन में मिचेल स्टार्क के साथ कमिंस ने खुलासा किया कि भारत पर अंतिम जीत उनके लिए करियर का मुख्य आकर्षण थी। कमिंस को लगता है कि हर मैच में उनकी कप्तानी बेहतर होती जा रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को सिर्फ 240 पर रोककर छह विकेट से हरा दिया।

कमिंस ने स्थानीय मीडिया से कहा, अभी भी ऊंचाई पर हूं, अभी भी हर सुबह गुनगुनाहट के साथ जागता हूं। यह निश्चित रूप से करियर का एक बड़ा आकर्षण है। मैं निश्चित रूप से हर मैच में कप्तानी के साथ बेहतर होता जा रहा हूं।

आप अपनी जीत से बहुत कुछ सीखते हैं, और अपनी हार से तो और भी अधिक सीखते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मैं बेहतर हो रहा हूं। उनके सामरिक विकल्पों, जिसमें भारत के खिलाफ मैच में शुरुआत में स्पिन का उपयोग करना शामिल था, जब उनके तेज गेंदबाज हावी थे, और पहले कुछ ओवरों में एक गेंदबाज के रूप में खुद का कम उपयोग करना, आलोचकों द्वारा बारीकी से जांच की गई थी। फिर भी, कमिंस ने इन कठिनाइयों पर




विजय प्राप्त की और दबाव में एक कप्तान के रूप में अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को छठी विश्व कप जीत दिलाई। कमिंस ने यह भी कहा कि वे 2023 के दौरान व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए आराम करने की योजना नहीं बना रहे हैं।कमिंस ने कहा, रेस्टेड और रोटेटेड शब्द काफी बार उछाले जाते हैं, लेकिन आप कभी भी टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से फिट होने से नहीं चूकते। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में हमें खेल से आराम दिया गया है, हम जो काम करने में सक्षम हैं वह उन छोटे अंतरालों के कारण है। हम पूरी तरह से फिट हैं। हमें आराम नहीं मिलेगा।

## टी 20 टीम में बदलाव के फैसले का स्वागत किया

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को वापस बुलाने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, खिलाड़ियों को खेल से कुछ विश्राम की जरूरत है। विश्व कप विजेता टीम के सात सदस्य सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत में ही रुके थे। हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपनी विश्व कप टीम से केवल 3 खिलाड़ियों को ही मैदान में उतारा। सूर्यकुमार टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा अन्य दो खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल के ठीक 4 दिन बाद टी20 श्रृंखला शुरू हुई। यह समझ में आने योग्य था कि ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापत्तनम में श्रृंखला के शुरुआती मैच के लिए अपने अधिकांश विश्व कप सितारों को आराम दिया था। हालाँकि, ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले टी20 टीम में बदलाव की पुष्टि की क्योंकि स्टीव स्मिथ, एडम ज़म्पा, ग्लेन मैक्सवेल, सीन एबॉट, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। फॉक्स क्रिकेट ने कमिंस के हवाले से कहा, मैं उनसे नाराज़ नहीं हूं)। पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं। ये अभी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और यह बहुत अच्छा है कि ये दौरे कुछ युवा लोगों या उन लोगों के लिए अवसर प्रदान करते हैं जो शायद पहले एकादश में नहीं हैं। मुझे लगता है कि ये महत्वपूर्ण दौरे हैं और आप इनसे बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन वे इंसान हैं। वे रोबोट नहीं हैं। विश्व कप में सब कुछ लगाना और फिर कुछ दिन बाद खेलना। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमैट पहले ही टीम में शामिल हो चुके हैं और तीसरे टी20 के लिए उपलब्ध हैं।

## सार संक्षेप

### धोखाधड़ी के एक मामले में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत को अंतरिम जमानत मिली

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत को धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह आदेश तब पारित किया जब उसे सूचित किया गया कि मामला दोनों पक्षों के बीच सुलझ गया है। याचिकाकर्ता को दोषी शिकायतकर्ता को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया गया है क्योंकि लोक अभियोजक ने कहा कि मामला सुलझ गया है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया, %%यथाशीघ्र आवेदन दाखिल करें। 8 दिसंबर, 2023 को पोस्ट करें। अंतरिम आदेश दिया गया। %% श्रीसंत, जो वर्तमान में देश में लीजेंड्स लीग में खेल रहे हैं, ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करते हुए दावा किया कि उन्हें कन्नूर टाउन पुलिस द्वारा दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। मामला एक विला निवेश परियोजना से जुड़ा है और बाद में मामला अदालत के बाहर ही सुलझ गया। 2013 में आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसने के बाद श्रीसंत का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया। कई साल बाद उन्हें बरी कर दिया गया और 2020 में केरल रणजी टीम में वापसी हुई, उन्होंने केवल दो साल बाद संन्यास ले लिया।

### तमीम इकबाल की नजर बीपीएल के जरिये क्रिकेट में वापसी पर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के करिश्माई बाएं हाथ के बल्लेबाज तमीम इकबाल की नजर बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के 2024 संस्करण के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी पर है। तमीम 23 सितंबर से क्रिकेट से बाहर हैं और उनकी फिटनेस से जुड़े मुद्दों के कारण उन्हें बांग्लादेश की विश्व कप 2023 टीम से भी बाहर कर दिया गया था। स्थानीय मीडिया ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजमुल हसन पापोन के साथ बैठक में तमीम के हवाले से कहा, मैं शायद अपना क्रिकेट खेल बीपीएल से शुरू करूंगा। तब आपको अंदाज़ा हो सकता है कि क्या हो रहा है। मैं इसे एक और महीने के बिना कभी नहीं करना चाहूँगा। चीज़ों को अनावश्यक रूप से खींचना... (मैं नहीं चाहता)। बोर्ड के साथ कई चर्चाओं के बाद मैंने पहले ही अपना निर्णय ले लिया है। उन्होंने मुझे कई बातें बताईं और मुझे भी उनका सम्मान करना होगा। जुलाई में, तमीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिसके बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के अनुरोध के बाद उन्होंने अपना फैसला पलट दिया। आइए जनवरी तक इंतजार करें, मुझे बीपीएल खेलने दीजिए, फिर और चर्चा होगी, उम्मीद है देखते हैं क्या होता है। मैं जानबूझ कर कभी भी चीज़ नहीं खींचूंगा. मैं आज आपको अपनी योजनाओं के बारे में बताने की उम्मीद कर रहा था।

# राष्ट्रीय शिविर में पेरिस ओलंपिक के लिए नई सोच के साथ तैयारियों में जुट जाएंगे : फुल्टन

- यह समझने की कोशिश करेंगे की हम कैसे और बेहतर टीम बन सकते हैं

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के 39 कोर ग्रुप के पुरुष हॉकी संभावितों का 15 दिसंबर से वेलेंसिया (स्पेन) में खेले जाने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी शिविर बुधवार से साई बेंगलुरू में होगा। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए उन्हीं 39 कोर ग्रुप के संभावितों को बरकरार रखा है जो कि हांगजू(चीन) से पहले एशियाई खेलों के लिए कोर ग्रुप का हिस्सा । सीनियर कोर ग्रुप के ये कोर ग्रुप के ये संभावित वेलेंशिया में होने वाले टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए जुट जाएंगे। कप्तान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो तथा मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और अभिषेक के एक एक गोल से भारत की पुरुष हॉकी टीम ने जापान को हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों के फाइनल में 5-1 से हरा स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया था। भारत के पुरुष चीफ हॉकी




कोच क्रेग फुल्टन ने बुधवार से शुरू होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी शिविर की बाबत कहा, हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद लड़कों को राष्ट्रीय शिविर से लंबा ब्रेक मिला। इस दौरान हमारी भारतीय टीम के बहुत से खेले चेन्नै में सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में खेले ही मुझे भी कुछ उदीयमान व नौजवान खिलाडि़यों के खेल को करीब से देखने को मिला। अब हम सभी साई बेंगलुरू में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में पेरिस ओलंपिक के लिए नई सोच के साथ अपनी तैयारियों में जुट जाएंगे। जैसा कि मैंने कहा है यह एक प्रक्रिया है। हम अपने एशियाई खेलों के शानदार अभियान पर फिर से विचार कर यह समझने की कोशिश करेंगे कि हम कैसे बतौर टीम और बेहतर होने के लिए मेहनत कर सकते हैं।'

भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमारे लिए बीते कुछ हफ्ते बहुत बढिया रहे, हमें अपने अपने परिवारों के साथ अच्छा वक्त बिनो को मिला। साथ ही चेन्नै में अपने राज्य पंजाब के सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में खेलने का मौका मिला। अब हम बेहतर टीम बनने की चाह लिए फिर सीनियर राष्ट्रीय शिविर में लौट आए हैं।

भारत के लिए वेलेंशिया (स्पेन)में होने वाला पांच देशों का यह हॉकी टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिए खासा अहम है। चेन्नै में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में बढिया प्रदर्शन के बावजूद एशियाई खेलों के लिए नजरअंदाज किए गए आक्रामक मिडफील्डर आकाशदीप सिंह, सेल्वम कार्ति, जुगराज सिंह के साथ अब पूरी तरह फिट स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह और सुरेन्दर कुमार के लिए स्पेन दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी दावेदारी साबित करने का मौका होगा।

## शिविर के लिए चुने गए कोर ग्रुप के 39 संभावित हैं

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।

**रक्षापंक्ति :** जर्मनप्रीत सिंह, सुरेन्दर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराजसिंह, मनदीप मोर। नीलम संजीप खेस, संजय, यशदीप सिवाच, डिप्सन टिर्की, मंजीत।

**मध्यपंक्ति :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राज कुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंट सिंह, मोहम्मद रहील मोसीन, मनिंदर सिंह।

**अग्रिम पंक्ति :** सेल्वम कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक , दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकरा, पवन राजभर।

## सार समाचार

### बाइक सवार ने महिला को, कार चालक ने युवक को टक्कर मारी

**इटारसी, देशबन्धु।** एक बाइक सवार की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला घायल हो गयी जबकि एक अज्ञात कार चालक ने एक युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। अस्पताल से मेमो आने के बाद पुलिस ने दोनों प्रकरण दर्ज किये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिहारी कालोनी के सामने मेन रोड पर कालोनी की ही निवासी शांतिबाई पति बनवारी लाल प्रजापति 80 वर्ष को बाइक क्रमांक एमपी 05, एमजे 2887 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। पुलिस ने अस्पताल से मेमो प्राप्त होने पर मामला पंजीबद्ध किया है। एक अन्य घटना में एक अज्ञात कार चालक ने रेलवे मालगोदाम के सामने नयायार्ड रोड पर विकास पिता रविन्द्र सिंह भदौरिया 26 वर्ष को लापरवाही से कार चलाते हुए टक्कर मार दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### डायबिटीज अवेयरनेस के तहत निशुल्क मधुमेह शिविर लगा

**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के सभी क्लब के द्वारा आज वन डे वन एक्टिविटी प्रोग्राम में डायबिटीज अवर्नेस के तहत निशुल्क मधुमेह जांच शिविर आयोजित किए।

इसी तारतमय में आज लायंस क्लब इटारसी फ्रेन्ड्स और लायंस क्लब इटारसी कपल के संयुक्त तत्वावधान में द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया। अध्यक्ष राजेंद्र सोनी और डॉ. रविंद्र गुप्ता ने बताया कि सचिव कामेश अग्रवाल, डॉ. राकेश बत्रा, कोषाध्यक्ष अर्जुन नवलानी, डॉ. विजयंत बड़कुल, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. संजय गुप्ता द्वारा लगभग 240 से ज्यादा नागरिकों का मधुमेह परीक्षण किया। इस अवसर पर विजय मनवानी, सुरेश नवलानी, कुंदन गौर, लोकेश साहू, अश्वनी अग्रवाल, सुनील सराठे, राजेश अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

### पुरातत्व स्मारक विषय पर निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं में ले ऑनलाइन भाग

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय संचालनालय मध्य प्रदेश में विश्व धरोहर सप्ताह के तहत 19 से 25 नवंबर 2023 तक राज्य के संग्रहालयों और स्मारकों में आकर्षक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। 18-30 वर्ष के युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए भाग लेने के लिए निदेशालय एक आनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। दोनों प्रतियोगिताएं पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय संचालनालय मध्य प्रदेश के अधीन पुरातत्व स्मारक विषय पर आयोजित की जा रही है। शीर्ष 3 स्थान हासिल करने पर विजेताओं को क्रमशः 10,000 रुपये, 5,000 रुपये और 3,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा शीर्ष 10 उम्मीदवारों में से अन्य 7 प्रतिभागियों को प्रत्येक को 1,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। परिणाम 15 दिसंबर 2023 को घोषित किया जाना तय है।

# मतगणना के संबंध में सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की नर्मदापुरम जिले के की चारों विधानसभाओं का मतगणना का कार्य 3 दिसम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों को विभिन्न मतगणना कार्यो के लिए दायित्व सौंपे गये है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सौंपे गये दायित्वों का कार्य करना सुनिश्चित करें। मतगणना में निर्धारित अधिकारी-कर्मचारियों के पास तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराने एवं मतगणना में कानून व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर डीके सिंह एवं उनकी सहायता के लिए सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी इटारसी नीता कोरी को सौंपा गया है। इसी तरह से मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, विधानसभा की संपूर्ण मतगणना का दायित्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर यथा प्रमोद गुर्जर विधानसभा क्षेत्र सिवनीमालवा, आशीष पांडे होशंगाबाद, ब्रजेन्द्र रावत सोहागपुर एवं संतोष तिवारी पिपरिया को सौंपा गया है। मतगणना कार्य में विभिन्न कार्य के लिए भी जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने दायित्व सौंपे है इसके अनुसार मानव क्षमता प्रबंधन, टेबुलेशन कार्य के लिए उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ, सहायक डीआईओ मनीष गुणवान, अधोसंरचना कार्य के लिए ई पीडब्ल्यूडी संजय रायकवार एवं सहायक राजीव पाठक एवं आरडी भाटी, प्रशिक्षण कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह एवं सहायक पीके पटवा, ईटीपीएबीएस एवं डाकमतपत्र की गणना का दायित्व डिप्टी कलेक्टर संपदा सराफ एवं सहायक संचालक जिला महिला एवं बाल विकास बीपी गौर एवं जिला प्रबंधक ईगवर्नेस संदीप चौरसिया तथा संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान को नोडल अधिकारी और उनके सहयोग के लिए सहायक मास्टर ट्रेनर्स पंकज दुबे , जिला योजना अधिकारी यूएस पठारिया, लोक सेवा प्रबंधक आनंद झैरवार, सहायक संचालक जनसंपर्क रोमित उइके को विभिन्न दायित्व सौपे गए है। मतगणना के दौरान सामग्री प्रबंधन का कार्य जिला रेशम अधिकारी शरद श्रीवास्तव एवं उनके सहयोग के लिए सुधीर कुमार राजपूत, हरीश गोस्वामी, सलिल भारद्वाज, नारायण गंगराडे, भोजन व्यवस्था के लिए जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैनएस, सहायक दिनेश कुमार अहिरवार, मतगणना स्थल पर साफ सफाई कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे एवं सहायक प्रशांत जैन को दायत्वि सौपा गया है। मतगणना के दौरान विद्युत व्यवस्था के लिए महाप्रबंधक विद्युत मंडल बीबीएस परिहार एवं सहायक रमन कीर, सीसीटीव्ही एवं वीडियोग्राफी की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं सहायक शेलेष उके, सीलिंग कार्य के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक के रूप में राकेश खजुरिया को दायित्व सौंपे गये हैं।

# सफाई व्यवस्था को बेहतर करने वरिष्ठ डीसीएम ने दिये निर्देश



**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने आज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिये। गंदगी को लेकर वे नाराज नजर आए और सख्ती से व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे स्टेशन के कार्यालयों, प्लेटफार्म, आरक्षण, बुकिंग कार्यालय, पार्सल कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने आज इटारसी स्टेशन पहुंचकर स्टेशन प्लेटफार्मों, एफओबी, आरक्षण, बुकिंग कार्यालय, पार्सल कार्यालय, खानपान स्टालों एवं कचरा निस्तारण प्रणाली सहित सम्पूर्ण स्टेशन परिसर का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन की साफ सफाई पर विशेष फोकस रहा।

उन्होंने स्टेशन की बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को सख्त निर्देश दिए। स्टालों, ट्रॉली पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच के दौरान एएच व्हीलर की मल्टी पर्पज स्टाल/ट्राली से 238 अन-अनुमोदित नमकीन के पैकेट की जब्ती की जिसे नीलामी हेतु एलपीओ में जमा किया। संबंधित लाइसेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि स्टेशन परिसर साफ सुथरा रखने में सहयोग करें। स्टेशन पर कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बंद करें। स्टेशन की स्वच्छता बनाये रखने किये जा रहे प्रयासों में रेल प्रशासन का सहयोग करें।

# राष्ट्रीय शिविर से लौटे एमजीएम स्कूल के स्काउट-गाइड




**इटारसी, देशबन्धु।** भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स पलवल हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित 91वॉं नेशनल यूथ एवं एडवेंचर कैम्प गदपुरी हरियाणा में 21 नवंबर से 25 नवंबर तक आयोजित किया गया।

शिविर में पश्चिम बंगाल ईस्टर्न रेल्वे और मध्य प्रदेश के स्काउट गाइड ने सहभागिता सुनिश्चित की इस कैम्प में नर्मदापुरम जिले से एमजीएम स्कूल इटारसी से 8 गाइड, 3 स्काउट, शिक्षिका श्रीमती शोभना शर्मा प्रतिभागी रहे‌ इस दौरान स्काउट गाइड ने हरियाणा, दिल्ली, आगरा, मथुरा और वृंदावन के विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया। कैम्प में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई एवं एडवेंचर एक्टिविटी जैसे राइफल शूटिंग, आर्चरी, मंकीब्रिज, ऑप्टिकल एवं विभिन्न साहसिक गतिविधियां की और 26 नवंबर को सकुशल वापस लौटे। बच्चों के वापस आने पर विद्यालय के वाइस प्रिंसीपल एवं समस्त स्टाफ ने स्काउट मास्टर लखन सोनी, श्रीमती शोभना शर्मा और बच्चों को बधाई दी।

# विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाने दिये टिप्स

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी के विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता पर पुलिस थाना इटारसी से एसआई श्रद्धा राजपूत एवं एएसआई पूनम चौधरी ने साइबर सुरक्षा के टिप्स और सावधानी से अवगत कराया।

साइबर जागरुकता विषय पर एसआई श्रद्धा राजपूत ने ऑनलाइन ठगी से बचने और साइबर सुरक्षा के लिए से सावधानी बरतने जिसमें अपरिचित व्यक्ति द्वारा भेजी लिंक को ओपन नहीं करना। अनाधिकृत ऑनलाइन साइट पर नहीं जाना चाहिए। अनावश्यक रूप से असुरक्षित ऐप डाउनलोड न करें। लोकेशन ऑन करके नहीं रखना चाहिए। खाता संबंधी सुरक्षा परमिशन सोच समझकर देना चाहिए।

साइबर सुरक्षा के लिए हमारी टीम 1930 साइबर हेल्पलाइन पर 24 घंटे कार्यरत है। पहले 7 दिन में ही हमने तकरीबन 72 लाख रुपए साइबर ठगी से बचाए हैं। जागरूकता अभियान बड़े पैमाने पर हम ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से आयोजित कर रहे हैं। स्कूल और जन शिक्षा, उच्च शिक्षा के अतिरिक्त अन्य सरकारी विभाग के कर्मचारी भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं।



महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अरविंद शर्मा द्वारा ऑनलाइन ठगी से बचने का सबसे पहला काम किसी भी प्रकार का लालच नहीं करना चाहिए। अपरिचित व्यक्ति द्वारा आर्मी और पुलिस बनकर आपको ठग सकता है इसलिए पहचान होने पर ही किसी प्रकार का लेनदेन करना चाहिए। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के हेल्पलाइन नंबर 1930, सिटी थाना 100 डायल और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1030 की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम एक ऐसा धंधा बन गया है जिसमें साइबर अपराधी पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर इन अपराधों को अंजाम देते हैं। सावधानी ही सुरक्षा है जानकारी ही बचाव है इसलिए हमें ऑनलाइन ठगी से बचकर समय, पैसे, शरीर और सम्मान सुरक्षित रख सकते है अपना ओटीपी, पिन, पासवर्ड किसी के साथ शेयर ना करें। संचालन डॉ.मनीष कुमार चौरे ने किया।

# 9 दिसंबर को आयोजित होगी लोक अदालत

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में 9 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

यह नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय सहित तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा के न्यायालयों में आयोजित की जायेगी। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक, सिविल, भू-अर्जन आदि के लगभग 2129 मामले रखे जायेंगें। साथ ही ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में नहीं पहुंचे है, उन्हें भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर इस लोक अदालत में निपटाया जायेगा।

प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में में जलकर, संपत्तिकर, बैंक ॠण वसूली, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि के मामले रखे जायेगें, जिनमें संबंधित विभागों द्वारा अधिभार में छूट भी प्रदान की जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके मामलें न्यायालय में लंबित है से अपेक्षा की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का शीघ्र एवं सुलभ निराकरण करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला न्यायाधीश गोतम भट्ट ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ॠण बकाया विद्युत बिल बकाया एवं जलकर, संपत्तिकर बकाया प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण पर पक्षकारों के धन एवं समय दोनों की बचत होती है तथा इससे पक्षकारों में द्वेष तथा वैमनस्यता की भावना समाप्त होती है, इसलिए पक्षकारों को अपने अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ लेना चाहिए।

# पर्यटकों को लुभा रहे बाघिन मछली और उसके बच्चे



**इटारसी, देशबन्धु।** सतपुड़ा के जंगलों में बाघिन मछली और उसके बच्चों की अठखेलियां पर्यटकों को लुभा रही है। पिछले करीब एक माह से मछली सतपुड़ा टायगर रिजर्व की शान बनी हुई है। इन दिनों एसटीआर पर्यटकों से गुलजार है और बड़ी संख्या में सैलानियों को यहां बाघ, बाघिन और उनके बच्चों के दीदार भी हो रहे हैं।

इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चित मछली बाघिन और उसके बच्चे हैं। एसडीआर के जारी वीडियो में मछली के बच्चे उसके साथ मस्ती करते दिखाई दे रहे और कभी-कभी मछली भी उनको दुलार रही है। सतपुड़ा के घने जंगल बाघों के लिए मुफीद जगह बन गये हैं। यहां फिर पर्यटकों की आमद और कैमरे की क्लिक सुनाई देने लगी है। सतपुड़ा में बाघ, बायसन और हिरण बहुतायत में हैं, लेकिन सैलानियों को कोई सबसे अधिक आकर्षित कर रहा है तो वे बाघ ही हैं।

पिछले कुछ वर्षों से एसटीआर बॉलीवुड के कलाकारों की भी पसंदीदा जगह बन गया है। कई फिल्मी कलाकार यहां आकर बाघों का दीदार करके अपने कैमरे में कैद करके भी ले जा चुके हैं। एसटीआर प्रबंधन भी यहां सैलानियों की सुविधा का खास ख्याल रखता है। मढ़ई के बाद सबसे अधिक चूरना पसंद किया जा रहा है।

# टनल में फंसे मजदूरों के लिए समेरिटंस स्कूल के विद्यार्थियों ने की प्रार्थना

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उत्तराखंड की टनल में पिछले 18 दिनों से फंसे मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने की कामना के साथ मंगलवान को समेरिटंस स्कूल सांदीपनी परिसर के 3354 बच्चों ने एक साथ सामूहिक रूप से हाथ जोड़कर गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत का पाठ किया। गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत पाठ के पूर्व संस्था के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने भगवान श्रीहरि और हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टनल से मजदूरों का बाहर लाने के प्रयासों में आए दिन कोई न कोई परेशानी आ रही है। इन परेशानियों को दूर करने और उनकी कुशलता के लिए यह पाठ हमें पूरे आर्तभाव से करना है।



उन्होंने कहा कि गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत सुनकर भगवान बहुत ही शीघ्र द्रवित होते हैं और भक्तों पर कृपा करते हैं। इस स्तुति को सुनकर भगवान सबकुछ भूलकर भक्त की सहायता के लिए दौड़ पड़ते हैं। गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत का पाठ प्रमोद शर्मा द्वारा कराया गया। इसे सुखद संयोग कहा जाए या फिर गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत का प्रभाव कि इधर दोपहर 1 बजकर 35 मिनट पर स्कूल में गजेंद्र मोक्ष स्त्रोत के पाठ का समापन हुआ, उधर टनल से यह अच्छी खबर आई कि मजदूरों तक पहुंचने में आ रही सभी दिक्कतें समाप्त हो चुकी हैं। मजदूरों के बाहर निकालने का काम चंद घंटे बाद शुरू हो सकता है। इस खबर से विद्यालय में भी प्रसन्नता की लहर फैल गई।

# 'पानी बना परेशानी' ओवरब्रिज और अंडरब्रिज में पानी



**इटारसी, देशबन्धु।** ओवरब्रिज हो या फिर अंडरब्रिज, दोनों जगह पानी भर जाने से वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन की बारिश ने नई गरीबी लाइन के अंडरब्रिज में फिर पानी भर दिया है तो ओवरब्रिज पर भी जहां गड्ढे हैं, पानी से लबालब हो गये।

शहर से बाहर जाने एवं अंदर आने के लिए दो प्रमुख विकल्प हैं जिनमें सालों पुराना ओवर ब्रिज और कुछ समय पूर्व बना नई गरीबी लाइन का अंडर ब्रिज। अंडर ब्रिज की स्थिति बरसात के मौसम में और अधिक दयनीय हो जाती है। क्योंकि जरा सी बरसात में यहां पानी भर जाता है। लोगों को लंबा फेर लगाकर ओवरब्रिज से आवागमन करना पड़ता है। लेकिन, वहां भी गड्ढों में भरा पानी दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी का सबब बन रहा है।

# प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन

**इटारसी, देशबन्धु।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर प्रमुख उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी स्टेशन के बजाए नैनी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट, ऑरिजनेट होगी।

11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 27 नवंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक प्रयागराज छिवकी स्टेशन के बजाए नैनी स्टेशन पर समय सुबह 09.55 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 28. नवंबर 2023 से 01 नवरी 2024 तक प्रयागराज छिवकी स्टेशन के बजाए नैनी स्टेशन से 21.00 बजे प्रस्थान कर, इरादतगंज 21.15 बजे, जसरा 21.24 बजे, मदरहा 21.33 बजे, लोहगरा 21.42 बजे, शंकरगढ़ 21.54 बजे, मझियारी 22.06 बजे, बारगढ़ 22.15 बजे, कटइयाडंडी 22.24 बजे, डभौरा 22.35 बजे, पन्हाई 22.49 बजे आकर मानिकपुर स्टेशन पर 23.12 बजे पहुंचेगी। मानिकपुर से इटारसी के मध्य यात्रा समय सारणी यथावत रहेगी।

बरांझ स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 02 दिसंबर 2023 से 11 दिसंबर 2023 तक तथा 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस दिनांक 03 से 12 दिसंबर 2023 तक निरस्त रहेगी।

### कोहरे के मौसम में कालका-साईं नगर शिर्डी-कालका एक्सप्रेस निरस्त रहेगी

**इटारसी,देशबन्धु।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आगामी कोहरे के मौसम में ट्रेन परिचालन का प्रबंधन करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल से गुजरने वाली 22456/22455 कालका-साईं नगर शिर्डी-कालका द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस को निर्धारित तिथियों में निरस्त करने का निर्णय लिया है।

इसके अनुसार 22456 कालका-साईं नगर शिर्डी द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 03 दिसंबर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार 22455 साईं नगर शिर्डी-कालका द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 05 दिसंबर 2023 से 02 मार्च 2024 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.)482001
फोन- 0761-2624977, 4014376, 2629376
ई-मेल : zojabalpur@indianbank.co.in

परिशिष्ट - IV {नियम-8(1)} कब्जा नोटिस ( अचल/चल सम्पत्ति के लिए )

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता/गारंटर को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता/गारंटर द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता/गारंटर को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये इंडियन बैंक के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।
प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटीकर्ता/प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण एवं चौहद्दी | मांग सूचना दिनांक/आधिपत्य सूचना दिनांक | बकाया राशि (मांग सूचना दिनांक को ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - इटारसी<br>मेसर्स मुस्कान कैटर्स एंड सप्लायर्स<br>मालिक- श्री राजू सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह<br>पता- मकान नंबर 19, वार्ड नं. 24, राज टाकीज के पीछे, बजरंगपुरा, इटारसी, जिला नर्मदापुरम<br>श्री सुनील सिंह पुत्र श्री उमा सिंह भदोरिया<br>पता- राज टाकीज के पास, पोटरखोली, इटारसी, जिला नर्मदापुरम, म.प्र. | आवासीय संपत्ति जिसका खसरा नंबर है 323,325 प्लाट नं. 5,6,16/1 एवं 16/2 क्षेत्रफल 3350 वर्ग फीट एवं 250 वर्ग फीट म्यूटेशन के बाद प्लाट नं. 16/1 एवं 16/2 क्षेत्रफल 2650 वर्ग फीट एवं प्लाट नं. 5 एवं 6 क्षेत्रफल 950 वर्ग फुट, पीसी नं. 13, शीट नं. 53, चित्र क्रमांक 33 स्थित वार्ड क्रमांक. 34, 12 बंगला इटारसी, जिला नर्मदापुरम म.प्र-461111, कुल क्षेत्रफल 3600 वर्गफुट<br>चतुर्सीमा - उत्तर- श्री भूरेलाल अग्रवाल की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- मालिक का शेष भू भाग, पश्चिम- छगन सिंह का भूखंड | 15.09.2023<br>23.11.2023 | Rs. 86,41,052/-<br>(Rupees Eighty Six Lakh Fourty One Thousand Fifty Two only<br>+ interest and other expenses |

दिनांक - 29/11/2023 स्थान- जबलपुर ( म. प्र. ) प्राधिकृत अधिकारी , इंडियन बैंक

# पन्ना में बस पलटी, 2 की मौके पर मौत, 2 दर्जन से ज्यादा यात्री घायल



**पन्ना, देशबन्धु।** पहाड़ी खेड़ा से सतना जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई , इस हादसे में क्लीनर सहित 2 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही हादसे में 2 दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब 10 बजे के आसपास हुआ। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत के भसुडा के बुचुआ नाले के पास तेज रफ्तार बस को काटते समय एक बच्चे को बचाने की कोशिश में ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रित खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। बस पलटने ही चीख पुकार मच गई, जिससे आसपास के लोग मौके पर मदद के लिए दौड़ पड़े और यात्रियों को बाहर निकलने का प्रयास किया, कांच तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घटना की खबर तत्काल स्थानीय पुलिस, डायल 100 और एम्बुलेंस को दी गई।

खबर मिलते ही बृजपुर थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर और यातायात प्रभारी ज्योति दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को निकालने का प्रयास शुरू किया। एक- एक कर घायल यात्रियों को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया गया। इस हादसे में बस के नीचे दबने से क्लीनर और यात्री संजय पटेल की मौत हो गई, इन्हें जेसीबी मशीन बुलाकर बस के नीचे से बाहर निकाला गया। हादसे के घायलों को बृजपुर थाना पुलिस और डायल 100 द्वारा पन्ना जिला चिकित्सालय लाया गया है। वहीं हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा भी घायलों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचे और घायलों का हाल जाना।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जताया शोक


भोपाल, देशबन्धु। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पन्ना में यात्री बस पलटने से हुई 2 लोगों के असमय निधन पर शोक जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति देने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाए व्यक्त की है।

## बालाघाट में डाक मतपत्रों से छेड़छाड़ का मामला दिल्ली पहुंचा, कांग्रेस नेता सिंघवी की अगुवाई में चुनाव आयोग से मिले पार्टी नेता

# जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में डाक मतपत्रों से छेड़छाड़ का मामला दिल्ली तक पहुंच गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचकर इस मामले की शिकायत की।

पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, गुरदीप सिंह सप्पल की अगुवाई में पार्टी ने आयोग को सौंपे ज्ञापन में बालाघाट का मामला उठाया और कहा कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। श्री सिंघवी ने बाद में मीडिया से कहा कि बालाघाट में डाक मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ यह गंभीर मामला है इस पर कड़ी कार्रवाई की जाना चाहिए। इससे पहले कांग्रेस ने कल भोपाल में राज्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन से भी इस पूरे मामले की शिकायत की थी। पार्टी ने कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध करते हुए इस पूरे मामले को लेकर आयोग पर भी निशाना साधा था। इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने एआरओ हिम्मत सिंह को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस मसले पर अधिकारियों को सख्त शब्दों में हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि बालाघाट में जो हुआ है, वह कदाचरण की श्रेणी में आता है। बालाघाट में सोमवार को एआरओ हिम्मत सिंह ने डाक मतपत्रों की पेटी खुलवाकर विधानसभावार सॉर्टिंग करवाई थी। कांग्रेस ने इस मामले में मुख्य



निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को शिकायत की थी और आरोप लगाया है कि डाक मतपत्रों में हेराफेरी की गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी मामले की जानकारी मंगाई थी। भाजपा के प्रवक्ता बालाघाट जिला प्रशासन की कार्रवाई का बचाव करते हुए कांग्रेस के आरोपों पर सवाल उठा रहे हैं।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा लोकतंत्र के बुनियादी उसूल हैं। सोमवार को बालाघाट में डाक मतपत्रों को जिस तरह से खोला गया, वह गंभीर कदाचरण है। उसके बाद सरकारी मशीनरी और जिम्मेदार अधिकारियों ने जिस तरह से इस कृत्य को सही साबित करने की कोशिश की, वह और भी अक्षम्य अपराध है। मैं चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारियों को याद दिलाना चाहता हूं कि इस समय वह निर्वाचन आयोग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं, जो मध्य प्रदेश सरकार से अलग एक स्वायत्त संस्था है। वे इस समय किसी पार्टी या मंत्री के मातहत काम नहीं कर रहे हैं। सभी अधिकारी-कर्मचारियों से निवेदन है कि वह किसी भी असंवैधानिक या गैरकानूनी आदेश का पालन



### कमलनाथ ने अधिकारियों को चेताया

न करें और सिर्फ वही कार्य करें जो करना उनका प्रशासनिक दायित्व है। एक-एक अधिकारी और कर्मचारी की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट जनता के पास है। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करता हूं कि वह अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए कड़े से कड़े संघर्ष के लिए तैयार रहें। तीन दिसंबर को मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर जनता की मुहर लग जाएगी। इसलिए वे निर्द्वंद्व होकर अपने कार्य में जुट जाएं। सत्यमेव जयते।

इध, प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि जब चुनाव आयोग के ही स्पष्ट निर्देश हैं कि डाक मतपत्रों की भी गणना 3 दिसंबर के दिन सुबह आठ बजे होगी तो बालाघाट में 27 नवम्बर को स्ट्रॉन्ग रूम कैसे खोला गया, क्या इस कार्य के लिए चुनाव आयोग के ही निर्देश थे। कलेक्टर आरओ कह रहे हैं कि कांग्रेस को कुछ कंफ्यूजन है तो फिर नोडल अफसर को निलंबित क्यों किया गया। असली दोषी तो वही कलेक्टर है, जिनसे उक्त कृत्य की अब निर्वाचन पदाधिकारी जांच करवाएंगे।

### कलेक्टर को किया जाए निलंबित



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य के बालाघाट में पोस्टल बैलेट से जुड़े मामले में कलेक्टर को निलंबित करने की मांग की है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में पोस्टल बैलेट की प्राप्ति व गिनती में केंद्रीय चुनाव आयोग के नियम व निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। जिसकी पूरी जवाबदेही जिला कलेक्टर व पोस्टर बैलेट के रिटर्निंग ऑफिसर की होती है। इसलिए दोनों अधिकारियों का तत्काल निलंबन कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। केवल नोडल अफसर का निलंबन करना पर्याप्त नहीं है।

बालाघाट जिले से जुड़ा कल एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक तहसीलदार का निलंबन भी हो चुका है।

## शिवराज कैबिनेट की बैठक कल

**भोपाल, देशबन्धु।** शिवराज मंत्रिमंडल के मौजूदा कार्यकाल की अंतिम बैठक गुरूवार को होगी। इस बैठक में सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस को विदाई दी जा सकती है। साथ ही सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए सफलतम कार्यों के लिए अधिकारियों को बधाई भी दी जाएगी।

इस बैठक में सभी मंत्रियों के अलावा अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों को बुलाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आमतौर पर विधानसभा चुनाव होने के बाद इस तरह कैबिनेट की बैठक बुलाई जाती है। इसमें प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों और उसमें सबके सहयोग के लिए आभार जताया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सहित सभी वर्गों के लिए कार्यों का मुख्यमंत्री द्वारा विशेष तौर पर उल्लेख किया जा सकता है। बताया जाता है कि इस बैठक में उसी दिन सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस को विदाई दी जा सकती है। चर्चा है कि राज्य निर्वाचन आयोग बुधवार को उनकी जगह वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वीना राणा को मुख्य सचिव का दायित्व दे सकता है।

## आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे चुनाव परिणाम

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया 3 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती प्रारंभ होगी। मतगणना के राउन्ड-वाइज परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे। सर्वप्रथम प्रात 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के तत्काल बाद प्रत्येक उम्मीदवार को मिले डाक मत पत्रों की घोषणा की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन एप (VHA) पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा https://ceomadhyapradesh.nic.in पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

## स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में उत्कृष्ट पहल के लिए डॉ. रचना दुबे पुरस्कृत



**भोपाल, देशबन्धु।** चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की उत्कृष्ट पहल के लिए मध्य प्रदेश की डॉ. रचना दुबे को इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशन फेस्टिवल 2023 में नेशनल पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में आउटस्टेन्डिंग इनीशिएटिव फॉर प्रमोटिंग मेडिकल एण्ड हैल्थ केयर सर्विसेस श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किया गया है।पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने महिलाओं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो की संचालक सह इनफर्टिलिटी एवं सर्वाइकल कैंसर प्रिवेंशन क्लीनिक की प्रभारी डॉ. रचना दुबे को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार 27 नवंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।डॉ. रचना दुबे, प्रभारी हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर, जे.पी. चिकित्सालय भोपाल, महिलाओं में जो कि एक लाइफस्टाइल डिस्आर्डर है का हॉलिस्टिक ट्रीटमेंट प्रदान कर रही हैं, जो महिलाओं के प्रजनन, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इनमें से कई लड़कियों को अनियमित मासिक धर्म, हार्मोनल असंतुलन, अनचाहे बाल, मुंहासे, मोटापा, मूड स्विंग्स, तनाव एवं गर्भधारण करने में कठिनाई होती है, जिसका असर उनके सामाजिक जीवन और शिक्षा पर भी पड़ता है।

डॉ. रचना दुबे ने अपने अभिनव प्रयासों से दवाओं के साथ-साथ पीसीओएस की समस्या से समग्र रूप से निपटने के लिए संपूर्ण आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं एंथ्रोपोमैट्रिक मापदंडों के आकलन हेतु हैल्थ मूल्यांकन प्रारुप भी तैयार किया है।अभी तक 2000 लड़कियां एवं महिलाएं लाभान्वित हो चुकी है तथा स्कूल एवं कॉलेजेस् में पीसीओएस जागरुकता शिविरों का आयोजन कर किशोरियों में जागरुकता बढ़ाई है।

## सीईईडब्ल्यू के अध्ययन से मिली जानकारी

# विकसित देशों के लोग ज्यादा फैला रहे कार्बन प्रदूषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काउंसिल ऑन एनर्जी, इनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के नए अध्ययन के अनुसार, कई विकसित देशों में औसत आय वाले एक व्यक्ति का कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत और आसियान क्षेत्र जैसे विकासशील देशों की जनसंख्या में शीर्ष 10 प्रतिशत अमीरों की श्रेणी के किसी व्यक्ति के कार्बन उत्सर्जन से कहीं ज्यादा है।

सीईईडब्ल्यू द्वारा मंगलवार को यहां इस बारे में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट 'द इमीशन डिवाइड: इनएक्विलिटी एक्रॉस कंट्रीज एंड इनकम क्लासेज' के अनुसार सऊदी अरब, अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया में कम आय वर्ग की 10 प्रतिशत आबादी में शामिल किसी भी व्यक्ति का कार्बन उत्सर्जन भारत, ब्राजील या आसियान क्षेत्र के सबसे गरीब वर्ग के व्यक्ति की तुलना में 6 से 15 गुना ज्यादा होता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब दुनिया भर के नेता इस महीने के अंत में पेरिस जलवायु समझौते को लागू करने में देशों की प्रगति की वैश्विक समीक्षा के लिए दुबई में 28वें संयुक्त राष्ट जलवायु सम्मेलन (कॉप28) में जुट रहे हैं। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार उसका यह अध्ययन रेखांकित करता है कि विकसित देशों और चीन की तरफ से सतत जीवनशैली अपनाने और विकासशील देशों के लिए कार्बन स्पेस को बरकरार रखने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

### विकसित देश का औसत कमाई वाला, भारत के बड़े अमीर से ज्यादा करता है कार्बन प्रदूषण

वर्ल्ड इनएक्विलिटी डेटाबेस और विश्व बैंक के आंकड़ों पर आधारित सीईईडब्ल्यू के अध्ययन ने विकसित और विकासशील दुनिया के 14 देशों, यूरोपीय संघ (ईयू) और आसियान क्षेत्र में विभिन्न आय वर्गों के लिए प्रति व्यक्ति कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन का विश्लेषण किया है। एक साथ मिलकर ये प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं लगभग 81 प्रतिशत वैश्विक उत्सर्जन, दुनिया के 86 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद और 66 प्रतिशत वैश्विक आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस अध्ययन में पाया गया है कि विकसित देशों और चीन के सर्वाधिक 10 प्रतिशत अमीर अध्ययन में शामिल सभी विकासशील देशों के कुल उत्सर्जन की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जित करते हैं।

## ठंड के साथ-साथ बारिश का दौर भी शुरू

# बदरीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

**देहरादून, देशबन्धु।** उत्तराखंड में ठंड के साथ-साथ बारिश का दौर भी शुरू हो गया है। इसी बीच पहाड़ों पर अचानक मौसम बदलने से बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद लगातार बर्फबारी हो रही है। जिससे बदरीनाथ धाम में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है।

मौसम विभाग ने आज फिर बर्फबारी और कोहरा छाने का अंदेशा जताया है। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। बीते दिन प्रदेश भर में कोहरा देखा गया। वहीं, मंगलवार की शुरुआत भी हल्के कोहरे के साथ हुई है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में बादल भी छाए हैं। मौसम के करवट बदलने से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। साथ ही अन्य उच्च हिमालय क्षेत्र पर बर्फबारी का सिलसिला भी जारी है। जिसके चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। यही नहीं, मसूरी में तापमान गिर गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ के कुछ जगहों पर गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

# सेवानिवृत्ति से 3 दिन पहले तबादला, इंजीनियर ने रेलवे बोर्ड से कहा- यह सरासर पागलपन

**बिलापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहांरेलवे के एक कर्मचारी का उसके रिटायरमेंट से तीन दिन पहले सैकड़ों किलोमीटर दूर तबादला कर दिया गया. कर्मचारी ने इस आदेश पर नाराजगी जताते हुए रेलवे बोर्ड को एक पत्र लिखा है। साथ ही रेलवे के आदेश को 'पागलपन' करार दिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के संचार प्रमुख इंजीनियर का तबादला उनके लिए उत्पीड़न की वजह बन गया है. खबर है कि भारतीय रेलवे में काम करने वाले कर्मचारी का उनकी सेवानिवृत्ति के तीन दिन पहले सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पर तबादला कर दिया गया। दरअसल केपी आर्य 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन तीन दिन पहले उनका तबादला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से दिल्ली कर दिया गया. इससे परेशान होकर उन्होंने रेलवे बोर्ड को लेटर लिखा और कहा, यह आदेश सतही तौर पर तो सही लगता है, लेकिन जब एक सप्ताह के भीतर 30 नवंबर 2023 को मैं सेवानिवृत्त हो रहा हूं। यह आदेश साफ तौर पर पागलपन दिखता है।

तबादला आदेश में कहा गया, केपी आर्य को 28 नवंबर 2023 को उत्तर रेलवे में उच्च प्रशासनिक ग्रेड (एचएजी) पद का कार्यभार संभालना है, जबकि उनका रिटायरमेंट 30 नवंबर को होने वाला है. आर्या ने उत्तर रेलवे (एनआर) जोन में अपने ट्रांसफर किए जाने को रेलवे बोर्ड की ओर से अपना उत्पीड़न बताया है. मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एसईसीआर जोन में पहले से ही एचएजी का एक पद खाली था, फिर भी रेलवे बोर्ड ने उन्हें उत्तर रेलवे जोन में इसी पद पर ट्रांसफर करने का फैसला किया. उन्होंने कहा, मैं दिल्ली में उत्तर रेलवे के मुख्यालय में सिर्फ तीन दिन काम करूंगा और भारतीय रेलवे से रिटायर हो जाऊंगा।

श्री आर्या ने कहा कि उनका प्रमोशन 6 महीने पहले ही होना था, पर उसे लंबित कर दिया गया। सेवानिवृत्त के कुछ दिन पहले किया गए इस तबादला को उन्होंने सिर्फ परेशान करने का तरीका बताया है, जिससे सेवानिवृत्त के समय उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा, रेलवे मुझे तबादला भत्ते के रूप में करीब तीन लाख रुपए देगी, जो पूरी तरह से जनता के पैसे की बर्बादी है।

# गांधी से तुलना कर उपराष्ट्रपति ने मोदी को 'युगपुरुष' बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बीते सोमवार को महात्मा गांधी को पिछली सदी का 'महापुरुष' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सदी का 'युगपुरुष' कहा।

वह मुंबई में महात्मा गांधी के आध्यात्मिक मार्गदर्शक और जैन दार्शनिक श्रीमद राजचंद्र की जयंती पर उनके स्मारक के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, 'मैं आप लोगों को एक बात बताना चाहूंगा. महात्मा गांधी पिछली सदी के महापुरुष थे और नरेंद्र मोदी इस सदी के युगपुरुष हैं.'

उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधीजी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से हमें अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराया था. वहीं, भारत के सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को उस रास्ते पर ले गए हैं, जिसे हम हमेशा देखना चाहते थे.' उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों में एक बात समान है-दोनों लोगों ने श्रीमद राजचंद्रजी के संबंध में (भावना और शिक्षाओं) को प्रतिबिंबित किया है.' संसद सत्र के दौरान बढ़ते टकराव और कड़वाहट पर चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने सदस्यों से श्रीमद राजचंद्र के जीवन और शिक्षाओं पर विचार करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा, 'संसद में बहस और चर्चा के बजाय अक्सर अराजकता, हंगामा और कड़वाहट होती है. अगर संसद सदस्य श्रीमद राजचंद्रजी के भाषणों को सुनेंगे, तो यह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा.' उन्होंने कहा कि दुनिया जिस भारतीय परंपरा और संस्कृति की ओर देखती है, उसमें महान संतों और ऋषियों का आशीर्वाद है. श्रीमद राजचंद्र इस महान विरासत का हिस्सा थे और मुंबई में उनका स्मारक लोगों के लिए महान प्रेरणा का स्रोत होगा. इस दौरान उन्होंने श्रीमद राजचंद्र मिशन द्वारा की गई सेवाओं की सराहना की.

### कांग्रेस सांसद ने बताया शर्मनाक

धनखड़ की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया, 'अगर आप महात्मा से तुलना करते हैं तो यह शर्मनाक है सर. हम सभी जानते हैं कि चापलूसी की एक सीमा होती है, अब आप उस सीमा को पार कर चुके हैं और अपनी कुर्सी और पद पर बने रहने तथा चापलूस बनने से कोई मूल्य नहीं जुड़ता सर.'

### राउत बोले- जनता फैसला करेगी कि कौन युगपुरुष और महापुरुष है

**मुंबई, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के महात्मा गांधी को 'महापुरुष' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'युगपुरुष' कहकर संबोधित करने के एक दिन बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि इसका फैसला इतिहास और जनता करेगी। राउत ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महात्मा गांधी को दुनिया पूजती है। राउत ने कहा, "इतिहास, जनता ये फैसला करेगी कि कौन पुरुष, युगपुरुष और महापुरुष है।" धनखड़ ने सोमवार को कहा था, "महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से अंग्रेजों की गुलामी से हमें मुक्त कराया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमें उस राह पर ले गये हैं जहां हम हमेशा से जाना चाहते थे।" धनखड़ ने जैन संप्रदाय के रहस्यवादी और दार्शनिक श्रीमद राजचंद्रजी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि पिछली सदी के महापुरुष महात्मा गांधी थे। नरेन्द्र मोदी इस सदी के युगपुरुष हैं।"

## सीमाओं पर सीजफायर के 20 साल पूरे

# दुश्मनी की बंदूकें शांत, मगर घुसपैठ रुकी नहीं

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** लाखों लोगों की खुशी का दूत बनने वाला सीजफायर ने इस माह की 26 तारीख को 20 साल पूरे कर लिए हैं। जम्मू कश्मीर की 1202 किमी लम्बी एलओसी रेखा तथा सीमाओं पर 20 साल पहले लागू हुए इस सीजफायर ने लोगों की जिन्दगी में खुशहाली लाने के साथ ही उन्हें जिन्दगी के सही अर्थ समझा दिए हैं। हालांकि पिछले 20 सालों से सीमाओं पर दो 'परम्परागत' दुश्मन सेनाओं की बंदूकें तो काफी हद तक शांत हैं मगर घुसपैठ के न रुकने से भारतीय बंदूकों को अक्सर आग उगलनी पड़ रही है।

वर्ष 2002 में भी ऐसा ही सीजफायर एलओसी पर घोषित हुआ था। मगर वह छह माह तक ही जीवित रह पाया था क्योंकि पाक सेना ने उसका बार-बार उल्लंघन करते हुए भारतीय सेना को मजबूर किया था कि वह उसके नापाक इरादों का मुहंतोड़ जवाब देने की खातिर अपनी बंदूकों और तोपों का मुंह खोले। मगर इस बार ऐसा कुछ नहीं है। अगर कुछ है तो दोनों देशों को बांटने वाली सीमा रेखा से सटे खेतों में कार्य करते दोनों मुल्कों के किसान दिखते हैं तो विश्व के सबसे ऊंचाई वाले युद्धस्थल सियाचिन हिमखंड में ढके हुए तोपों के मुंह ही नजर आते हैं।

### सीमांत क्षेत्रों में खेती करने वाले किसान ले रहे राहत की सांस

### आतंकियों की घुसपैठ बढ़ाती है चिंता

इस सीजफायर की जिम्मेदारी निभाने वाली सेना की उत्तरी कमान के रक्षा प्रवक्ता के शब्दों में 'इतने सालों में पहला अवसर है की पूरे 20 साल हो गए और सीमाओं व एलओसी पर पर तोपों की गूंज नहीं सुनाई दी है।'

वे आगे कहते हैं 'दोनों सेनाओं ने एक दूसरे पर एक भी गोली नहीं दागी है। लेकिन इतना जरूर है कि भारतीय सैनिकों को अपनी बंदूकें के मुंह उस समय जरूर खोलने पड़ रहे हैं जब उस ओर से धकेले गए घुसपैठियों को मार गिराने की कार्रवाई करनी पड़ती है।' सच्चाई यह है कि सीमांत क्षेत्रों में खुशहाल माहौल में खुशियों से लबालब जनता को अक्सर यह खटका लगा रहता है कि कहीं आतंकियों की घुसपैठ सीजफायर पर भारी साबित न हो।

ऐसी चिंता के पीछे के स्पष्ट कारण भारतीय सेना की चेतावनी है जिसमें वह चिंता प्रकट करती है कि घुसपैठ न रुकने के कारण संबंध खराब भी हो सकते हैं। कई सालों के बाद अपने खेतों में हल चलाने वाला कुपवाड़ा का हाकीम अली कहता था:'खुदा ऐसी ही शांति ताउम्र दे ताकि हमारे बच्चे भी देख सकें हमारा इलाका किसी जन्नत से कम नहीं है।' इसी प्रकार अभी तक सीमांत क्षेत्रों की जिन्दगी को नरकीय जीवन कहने वाले चिकन नेक के शाम लाल के लिए अब सीमांत गांव का जीवन सबसे अच्छा लगता है क्योंकि वह शहर के प्रदूषण और परेशानी भरे माहौल से दूर रहना चाहता है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।